"सकारात्मक सोच से बड़ी कोई शक्ति नहीं होती।"

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com | इंदौर, बुधवार 08 अक्टूबर 2025 | ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 281 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

2 दिल्ली-इंदौर एक्सप्रेस में निकला धुआं
5 शुभमन को कप्तान बनाकर सिने जगत सही किया - उथप्पा
6 पटवारी और सिंघार के बीच तालमेल की कमी

# भाजपा के पन्ना प्रमुख का मुकाबला करेंगे कांग्रेस के बीएलए



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मप्र के चुनावों में लगातार हार के बाद कांग्रेस अब वोटर लिस्ट सुधार को लेकर तेजी से काम कर रही है। बीजेपी के पन्ना प्रमुखों के मुकाबले कांग्रेस अब हर बूथ पर बीएलए तैनात कर रही है। 2028 के विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस ने प्रदेशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 को लेकर रणनीति तैयार कर ली है। कांग्रेस अब केवल प्रचार तक सीमित नहीं रहना चाहती बल्कि मतदाता सूची के हर पन्ने और हर नाम पर अपनी निगरानी रखने पर तेजी से काम करेगी।

## बीएलओ के सीधे संपर्क में होंगे कांग्रेस के बीएलए

कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) सीधे बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के संपर्क में रहेंगे। आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार बीएलओ घर-घर जाकर एनेक्सचर-ष्ट भरवाएंगे, जो मतदाता की पात्रता प्रमाणित करने का दस्तावेज होगा। कांग्रेस ने अपने बीएलए को यह जिम्मेदारी दी है कि वे इस सर्वे में शामिल होकर हर वोटर का विवरण सही तरीके से दर्ज करवाएं।

कांग्रेस सभी बीएलए को निर्वाचन आयोग की प्रक्रियाओं जैसे फॉर्म-6 (नाम जोड़ना), फॉर्म-7 (नाम हटाना), फॉर्म-8 (सुधार) और फॉर्म-8 (स्थानांतरण) की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने हर जिले और विधानसभा क्षेत्र में 'मतदाता सूची नियंत्रण कक्ष' बनाएगी। जो निर्वाचन आयोग की वेबसाइट और ऑफलाइन मतदाता सूची दोनों से डेटा एकत्र करेगा। इस कंट्रोल रूम से वोटर लिस्ट में छूटे नामों की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। कंट्रोल रूम पार्टी के हर बीएलए से फीडबैक लेगा। और स्थानीय स्तर पर शिकायतों का समाधान कराने पार्टी स्तर पर सूचित करेगा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पिछले चुनावों में बड़ी संख्या में समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटे पाए गए थे। इस बार कांग्रेस ने उस गलती को न दोहराने का संकल्प लिया है।

**एमपी के 5 करोड लोगों के हस्ताक्षर कराने चलेगा अभियान**- वोट चोर-गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत एमपी में 5 करोड़ लोगों के हस्ताक्षर कराने एक अभियान चलाया जाएगा। इस हस्ताक्षर अभियान के लिए पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने एमपी की सभी 230 विधानसभाओं के प्रभारी नियुक्त किए हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

- रूस ने इस साल यूक्रेन के 5,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर किया कब्जा, राष्ट्रपति पुतिन का दावा
- मुंबई : डोंगरी इलाके में ड्रग तस्कर सलीम डोला से जुड़े ठिकानों पर ईडी की छापेमारी
- वायुसेना दिवस समारोह में भाग लेने हिंडन एयरबेस पहुंचे सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी
- भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है, बोले स्टार्मर
- जम्मू-कश्मीर : राजौरी के पहाड़ी जंगल में दिखे दो आतंकी, सेना ने की इलाके की घेराबंदी
- यूपी : अयोध्या में आज बृहस्पति कुंड का उद्घाटन करेंगी वित्त मंत्री सीतारमण
- अफगानिस्तान में विदेशी सैन्य ढांचा स्थापित करने की कोशिशों का भारत ने भी किया विरोध
- नेशनल हेराल्ड मामले पर आज दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई
- बिहार : पटना में बीजेपी चुनाव समिति की बैठक
- आज नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की शुरुआत करेंगे पीएम मोदी
- जयपुर : सावरदा पुलिया के पास गैस से भरा टैंकर पलटा, हुए कई धमाके
- राजौरी मुठभेड़ : सेना ने चार आतंकवादियों को घेरा
- हिमाचल बस हादसे में 15 की मौत, राष्ट्रपति ने जताया दुख

# शराब की ट्रैकिंग आसान, कफ सिरप की जांच कठिन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्यप्रदेश में कफ सिरप से ज़्यादा आसान है शराब की बोतल की ट्रैकिंग। यह मामला कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से कथित तौर पर बच्चों की मौत के बाद सामने आया है, और राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों को राज्य में बिक चुकी सिरप की बोतलों का पता लगाना पड़ा है।

शराब की बिक्री के लिए, राज्य की सभी शराब की दुकानों पर पॉइंट ऑफ़ सेल मशीनें लगाई गई हैं। इन मशीनों के ज़रिए, बोतल पर लगे आबकारी चिपकने वाले लेबल को स्कैन करने के बाद सभी प्रकार की शराब की बोतलों की बिलिंग और बिक्री की जाती है। इससे आबकारी विभाग को बोतल बिकने तक शराब की बोतलों पर नज़र रखने में मदद मिलती है।



राज्य में खुदरा स्तर पर दवाओं के स्टॉक की जाँच के लिए कोई ऑनलाइन व्यवस्था नहीं है। एफडीए के पास भौतिक जाँच करने का अधिकार है, लेकिन बाज़ारों में दवाओं के स्टॉक की जाँच के लिए राज्य स्तर पर कोई ऑनलाइन या केंद्रीकृत व्यवस्था नहीं है। दवाओं पर नज़र रखने के लिए, मध्यप्रदेश के एक वरिष्ठ खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी, जिन पर सोमवार को सरकार ने कार्रवाई की, ने कहा कि इस श्रृंखला में निर्माता, थोक विक्रेता और खुदरा विक्रेता शामिल हैं। केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियाँ रैंडम सैंपलिंग कर सकती हैं। लेकिन हज़ारों दवाइयाँ हैं, और परीक्षण क्षमता सीमित है।

राज्य चाहे तो किसी भी समय औषधि निरीक्षकों के माध्यम से स्टॉक की जाँच करवा सकता है। एक केंद्रीकृत प्रणाली होनी चाहिए जिसमें संपूर्ण इन्वेंट्री हो। कार्रवाई का सामना करने वाले चार मध्य प्रदेश खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारियों में से एक ने कहा कि यह अब (इस घटना के बाद) लागू हो सकती है। मध्य प्रदेश एफडीए के नए नियंत्रक, दिनेश श्रीवास्तव ने कहा कि एक ट्रैकिंग प्रणाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मेरी अभी-अभी नियुक्ति हुई है। मुझे यह समझने दीजिए कि यह प्रणाली कैसे काम करती है।

# कन्फर्म रेल टिकट में यात्रा की तारीख बदल सकेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनवरी 2026 से यात्री कन्फर्म टिकट को आगे की डेट में चेंज करा सकेंगे। हालांकि इस प्रक्रिया में तारीख बदलने पर कन्फर्म टिकट की गारंटी नहीं होगी। सीट उपलब्धता के आधार पर ही मिलेगी। उन्होंने बताया कि रेलवे की वर्तमान टिकट बुकिंग व्यवस्था में यात्रा की तारीख बदलने के लिए आपको पहले अपना टिकट कैंसिल कर अगली तारीख के लिए नए सिरे से टिकट बुक करना होता है। इसमें टिकट कैंसिल कराने की फीस भी ली जाती है। इसके साथ ही अगली तारीख के लिए कन्फर्म टिकट मिलेगी या नहीं, इसकी भी कोई गारंटी नहीं होती है। ऐसे में यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। अभी ट्रेन के डिपार्चर टाइम से 48 से 12 घंटे पहले टिकट कैंसिल करने पर 25% कटते हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ये सिस्टम यात्रियों के हित में है और जनवरी 2026 से रेलवे की वेबसाइट या एप पर ये फीचर आ जाएगा। टिकट कन्फर्म होने पर रीबुकिंग का ऑप्शन मिलेगा। उसी ट्रेन में यात्रा की नई तारीख सिलेक्ट कर सकेंगे। नई तारीख पर सीट अवेलेबलिटी चेक करें और बुक करें। सीट होने पर बुकिंग कन्फर्म होगी।

### एनडीए पर ज्यादा सीटों के लिए दबाव बनाना हुआ शुरू

# बिहार में खेला होबे! चिराग की पार्टी और पीके के बीच अंदरूनी बैठकें

**पटना (एजेंसी)** ● एनडीए खेमे में सीट बंटवारे को राजनीतिक रस्साकशी जारी है। इसी बीच सूत्रों का दावा है कि चिराग पासवान ने प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज से संपर्क साध लिया है। बता दें कि चिराग पासवान एनडीए गठबंधन में ज्यादा सीटों की मांग कर रहे हैं। अब एलजेपी (आर) के सूत्रों ने बताया कि उनके दरवाजे खुले हुए हैं।



इस बीच चिराग की पार्टी की गुगली ने बिहार में एनडीए की मुसीबत बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार चिराग 45-54 सीटों पर अड़े हुए हैं। चिराग की एलजेपी (आर) के इस नए दांव के बाद अब बिहार में एनडीए पर दबाव पड़ना तय है। गौरतलब है कि



बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा होने से पहले भी प्रशांत किशोर कई बार चिराग पासवान की तारीफ कर चुके हैं। अब चिराग की पार्टी के इस नए दांव ने फिलहाल राज्य में सियासी माहौल को गरमा दिया है। 2020 के विधानसभा चुनाव में भी चिराग पासवान ने एनडीए से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ा था और एनडीए के सहयोगी जेडीयू को तगड़ा नुकसान पहुंचाया था। इस बार भी चिराग की पार्टी ने अलग राह अपनाने का संकेत देकर एनडीए को मुसीबत में तो डाल ही दिया है। पासवान पांच प्रमुख सीटों गोविंदगंज, ब्रह्मपुर, अतरी, महुआ और सिमरी बख्तियारपुर को लेकर अड़े हैं।

# फिर हुआ लापरवाहीपूर्ण सड़क हादसा पिता की मौत, पत्नी-दो बच्चे गंभीर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर-उज्जैन हाईवे पर शिप्रा के पास मंगलवार रात एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को देवास के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में युवक को इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार गुरुजी टेकचंद महाराज की समाधि उत्सव से लौट रहा था।

हादसा शिप्रा के अर्जुन बड़ौद गांव के पास हुआ। यहां अंकित (पुत्र गोपाल देवड़ा) अपनी पत्नी रूपाली, तीन वर्षीय बेटे गोरांश




और बेटी हर्शिका के साथ बाइक पर सवार थे। अचानक सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में चारों घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी को देवास सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

अस्पताल में अंकित की हालत गंभीर होने पर उसे देर रात एमवाय अस्पताल, इंदौर भेजा गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता गोपाल देवड़ा ने बताया कि परिवार काकड़ ग्राम में आयोजित गुरुजी टेकचंद महाराज के समाधि उत्सव में शामिल होकर लौट रहा था। अंकित किराना सामान की होलसेल मार्केटिंग करता था। उसकी मां की पहले ही बीमारी के चलते मौत हो चुकी है और उसकी एक बहन की शादी हो चुकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद ट्रक बाइक को कई फीट तक घसीटता हुआ ले गया। बाइक ट्रक के नीचे फंस गई थी और परिवार सड़क पर बुरी तरह घायल पड़ा था। लोगों का आरोप है कि मौके पर काफी देर तक एम्बुलेंस नहीं पहुंची, जिससे घायल सड़क पर ही तड़पते रहे।

# ट्रैफिक हेल्पलाइन के नंबर पर 15 दिन में ही मिली 300 से अधिक शिकायतें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के ट्रैफिक को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस लगातार नए कदम उठा रही है। हाल ही पुलिस ने ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जिसमें लोगों द्वारा ट्रैफिक संबंधी शिकायतें की जा रही है। इसकी बात करें तो पिछले 15 दिनों में इस नंबर पर 336 शिकायतें पुलिस को मिली है। इसमें से 308 शिकायतों का पुलिस ने समाधान कर दिया है। शहर में सुगम सुरक्षित और सुखद ट्रैफिक के लिए इंदौर ट्रैफिक मैनेजमेंट पुलिस द्वारा वॉट्सऐप हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। हेल्पलाइन नंबर पर लोग वॉट्सऐप के माध्यम से ट्रैफिक संबंधी शिकायतें कर रहे



हैं। बात की जाए तो इस हेल्पलाइन के शुरू होने से लेकर सोमवार तक यानी 15 दिनों में 336 शिकायतें मिली, इसमें से 308 शिकायतों का निराकरण किया, जबकि 28 शिकायतें दूसरे विभाग से संबंधित थी, जिसके चलते संबंधित विभाग को जानकारी दी गई है।

### हेल्पलाइन पर मिल रही यह शिकायतें

- बीच रोड और साइड में ठेले-गुमटियों के कारण लग रहा जाम।
- लोडिंग और ई-रिक्शा के गलत तरीके से खड़े होने के कारण लग रहा जाम।
- नाश्ता/खाने की दुकानों के बाहर गाड़ियां खड़ी होने से ट्रैफिक जाम लगना।
- वाहन चालकों द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करना, तेज स्पीड में गाड़ी चलाना।
- लेफ्ट टर्न पर गाड़ियां रोककर खड़े हो जाना।
- नो-पार्किंग में रोड साइड व दुकानों के सामने खड़ी गाड़ियों के कारण ट्रैफिक जाम लगना।

## राजबाड़ा क्षेत्र में ई-रिक्शा, ऑटो प्रतिबंधित

*पिछले कई दिनों से राजबाड़ा और उसके आसपास के बाजारों में लग रहे जाम को देखते हुए यातायात पुलिस ने आज से राजबाड़ा क्षेत्र में ई-रिक्शा और ऑटो पर प्रतिबंध लगा दिया है, साथ ही यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है, ताकि फिर से जाम की नौबत नहीं आए। क्षेत्र का अधिकारियों ने निरीक्षण किया था और व्यापारियों के साथ-साथ वहां तैनात पुलिस अधिकारियों और जवानों से फीडबैक लिया था। जाम लगने का मुख्य कारण कृष्णपुरा छत्री और राजबाड़ा पहुंचने के आसपास के मुख्य मार्गों पर खड़ी रहने वाली ऑटो और ई-रिक्शा हैं, जिनके कारण सर्वाधिक स्थिति बिगड़ती है। सवारियों के लिए बीच सडक पर रोकी गई रिक्शाएं यातायात का कबाड़ा करती हैं। अब पहले दौर में राजबाड़ा क्षेत्र में ई-रिक्शा और ऑटोरिक्शा का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा और अतिरिक्त पुलिसकर्मी उक्त क्षेत्र में तैनात रहेंगे। दीपावली के पूर्व राजबाड़ा, पीपली बाजार, जवाहर मार्ग, सीतला माता बाजार, मारोठिया और उसके आसपास बड़ी संख्या में अन्य शहरों और ग्रामीण इलाकों से खरीदारी के लिए लोग पहुंचते हैं।*

## न्यूज इन ब्रीफ




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा किसानों के हित में भावांतर योजना लागू करने के समर्थन में और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद देने के लिए आयोजित धन्यवाद रैली में भाग लेते हुए भाजपा पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता अन्य भाजपा नेतागण।

## इंदौर में पुलिस ने ऑटो में पकड़ी अवैध शराब, दो युवक गिरफ्तार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में तिलक नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ऑटो रिक्शा से अवैध शराब का बड़ा जखीरा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, यह शराब रिंग रोड से बस में रखकर गुजरात भेजी जानी थी। ऑटो में सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें डिलीवरी के बदले पांच हजार रुपए मिलने थे। पुलिस पूछताछ में युवकों ने बताया कि वे यह शराब अग्रेशन नगर इलाके की एक दुकान से लाए थे और अहीरखेड़ी क्षेत्र से भी शराब की तस्करी करते हैं। जांच में इस रैकेट के दो अन्य साझेदारों लक्की और सन्नी के नाम भी सामने आए हैं। दोनों का संबंध शराब व्यवसाय से बताया जा रहा है। वहीं एक अन्य व्यक्ति अकील का नाम भी सामने आया है, जिसका भाई मोइन नशे के एक मामले में जेल में बंद है। एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह की टीम ने बंगाली चौराहे के पास से मोहम्मद इकबाल मुल्तानी निवासी कोयला बाखल और राहुल सचदेव निवासी सरदार नगर, अहमदाबाद को पकड़ा। उनके पास से करीब तीन लाख रुपए मूल्य की शराब जब्त की गई, जिसे वे धार के रास्ते गुजरात भेजने की योजना बना रहे थे। इस बीच, पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि इंदौर में पहले भी कई जगहों पर अवैध शराब पकड़ी जा चुकी है, जैसे आजाद नगर और द्वारकापुरी, लेकिन मुख्य सरगना तक पुलिस की पहुंच नहीं हो पाई। कई पुराने मामलों में भी जांच अधूरी रह गई है।

## बड़ी राहत... एमपी में नक्शे के लिए अब एनओसी जरूरी नहीं, हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● हाई कोर्ट ने गृह निर्माण संस्था को राहत देते हुए कालोनी का नक्शा पास कराने के लिए मांगी जा रही सहकारिता विभाग की अनापत्ति की जरूरत समाप्त कर दी। न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा ने आदेश जारी करते हुए नगर एवं ग्राम निवेश को नक्शा पास करने के लिए कहा है। मामला मेघना गृह निर्माण सहकारी संस्था का है। संस्था ने कालोनी का नक्शा पास कराने के लिए नगर तथा ग्राम निवेश में आवेदन किया था, लेकिन नगर तथा ग्राम निवेश ने यह कहते हुए नक्शा स्वीकृत करने से इन्कार कर दिया कि सहकारिता विभाग की अनापत्ति नहीं है।

**सहकारिता विभाग का क्या कहना**–इधर सहकारिता विभाग का कहना था कि नियमों में नहीं होने की वजह से अनापत्ति जारी नहीं की जा सकती। संस्था ने ऐसी स्थिति में हाई कोर्ट में याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान संस्था ने तर्क रखा कि हम अपने सदस्यों को भूखंड देना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए कालोनी का नक्शा स्वीकृत होना आवश्यक है। सहकारिता विभाग के नियमों में ही अनापत्ति प्रविधान ही नहीं है।

**कोर्ट ने क्या कहा**–कोर्ट ने तर्क स्वीकारते हुए नगर तथा ग्राम निवेश के अनापत्ति की कमी बताते हुए नक्शा निरस्त करने के आदेश को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने नगर तथा ग्राम निवेश से कहा है कि वह सहकारिता विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र के बगैर ही कालोनी का नक्शा स्वीकृत करे।

## किडनी संक्रमण से प्रभावित बच्चों के उपचार का पूरा व्यय शासन द्वारा किया जायेगा वहन - डॉ. यादव

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किडनी संक्रमित बच्चों के उपचार के लिए संपूर्ण व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। छिंदवाड़ा और बैतूल जिले के बच्चों का उपचार नागपुर के चिकित्सा संस्थानों में हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किडनी संक्रमण से प्रभावित बच्चों का अच्छे से अच्छा उपचार हो इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। नागपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज सहित एम्स अस्पताल,कलर्स हॉस्पिटल, न्यू हेल्थ सिटी हॉस्पिटल और गेटवेल हॉस्पिटल में बच्चों का इलाज जारी है। कलेक्टर छिंदवाड़ा और बैतूल द्वारा बच्चों के परिवारों से सतत संपर्क रखते हुए आवश्यक सहायता दी जा रही है।

### एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक

# व्यापारिक संस्थानों के सहयोग से कार्गो उड़ान प्रारंभ होगी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर विमानतल पर यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं विभिन्न समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद शंकर लालवानी ने की। इस अवसर पर एयरपोर्ट निदेशक, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में विमानतल पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। यात्री सुविधाओं के उन्नयन, सुरक्षा सुदृढ़ीकरण, पार्किंग व्यवस्था में सुधार, नई उड़ान सेवाओं की शुरुआत, टर्मिनल विस्तार तथा एयर कार्गो सेवाओं के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में बताया गया कि एयर कार्गो सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, और स्थानीय व्यापारिक संस्थानों के सहयोग से समर्पित कार्गो उड़ान प्रारंभ करने की योजना बनाई गई है, जिससे क्षेत्रीय व्यापार को नई गति मिलेगी। साथ ही, पार्किंग व्यवस्था एवं वाहन आवागमन के प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से नई व्यवस्था लागू करने पर सहमति बनी।



यात्रियों की सुविधा के लिए कई नई आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें – वर्क स्टेशन विद चार्जिंग पोर्ट, 3-सीटर चेयर विथ चार्जिंग सुविधा, 4-सीटर बैठने की व्यवस्था, रिक्लाइनर सीटें, 45 मिनट की निशुल्क वाई-फाई सुविधा, – तथा मनोरंजन हेतु टीवी स्क्रीन शामिल हैं।

बैठक में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के आगमन के दौरान कस्टम जांच प्रक्रिया में अनावश्यक औपचारिकताओं एवं कर्मचारियों के व्यवहार से यात्रियों को हो रही असुविधाओं के विषय में चर्चा की गई। इस संबंध में कस्टम आयुक्त को अवगत कराया गया तथा उन्हें निर्देशित किया गया कि वे ऐसे मुद्दों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें एवं संबंधित कर्मचारियों को संवेदनशील कर यात्रियों के प्रति विनम्र एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करें।

बैठक में भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई, जिसमें एयरलाइनों को सिंगापुर और बैंकॉक के लिए नई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, पुराने टर्मिनल भवन के उद्घाटन तथा विस्तार कार्य (फेज़-1 एवं फेज़-2) को उज्जैन सिंहस्थ 2028 से पूर्व पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

सांसद लालवानी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ कार्य करें, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, सहज एवं विश्वस्तरीय अनुभव प्राप्त हो सके। बैठक के समापन पर अधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि इंदौर एयरपोर्ट को और अधिक आधुनिक, सुविधाजनक एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने हेतु सभी विभाग संयुक्त रूप से निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## शरद उत्सव का भव्य आयोजन एवं 'बारह महिनों के व्रत एवं त्योहार की कहानी' नामक पुस्तक का विमोचन किया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● दाधीच महिला भजन मंडल के तत्वावधान में शरद उत्सव का भव्य आयोजन मोदी जी की नसिया में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मंजू डागा थी मंच पर श्रीमती लीलावती व्यास अर्चना आसोपा श्रुति व्यास एवं समस्त मंगल पाठ समिति की बहनें उपस्थित थी। इस अवसर पर गरबा प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें ग्रुप गरबा नंबर-2 आसोपा परिवार को प्रथम पुरस्कार दिया गया। बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा एक से बढ़कर एक कई आकर्षक व रंगारंग नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ऐसा देखा गया की दाधीच समाज में अब प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इस दिन मंगल पाठ समिति द्वारा बारह महिनों के व्रत एवं त्यौहार की कहानी नामक पुस्तक का विमोचन किया गया पुस्तक का विमोचन दाधीच ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कमल व्यास एवं दाधीच महिला भजन मंडल की संरक्षिका श्रीमती लीलावती व्यास द्वारा किया गया इस अवसर पर मंच पर मंगल पाठ समिति की सभी बहने उपस्थिति रही मां दधिमती मंगल पाठ समिति की बहनों ने बिना किसी के सहयोग से अपने श्रम से, मेहनत से, इस पुस्तक का प्रकाशन कराया है इसमें हमने आने वाली नई पीढ़ी की बहू बेटियों के लिए समस्त जानकारी पूजन-विधि, राती-जगा के गीत, गणगौर के दोहे,-झाले वारना, त्योहारों का महत्व आदि प्रकाशित करने का एक छोटा सा प्रयास किया है। निश्चित ही यह पुस्तक सभी के लिए उपयोगी सिद्ध साबित होगी। इस अवसर पर समाज जनों की भारी उपस्थिति के बीच दाधीच ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कमल व्यास दाधीच महिला भजन मंडल की संरक्षिका लीलावती व्यास मंडल की अध्यक्षा अर्चना आसोपा सचिव श्रुति व्यास, युवा संघ के अध्यक्ष देवेंद्र व्यास सचिव सुनील व्यास समस्त पदाधिकारी गण महर्षि दधीचि महिला मंडल एवं समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित थीं।



## दिल्ली-इंदौर एक्सप्रेस में निकला धुआं, शॉर्ट सर्किट से घबराएं यात्री, चूहों की वजह से रुकी ट्रेन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● दिल्ली से इंदौर आ रही ट्रेन में मंगलवार सुबह आग लगने की सूचना पर हंगामा मच गया। ट्रेन के बी 4 कोच में धुआं निकलने पर आग लगने के संदेह से यात्री घबरा गए। ऐसे में तुरंत ट्रेन को रोका गया और बोगी खाली की गई। जांच के बाद सामने आया कि चूहों के तार काट दिए जाने से शॉर्ट सर्किट हुआ था। सुधार होने तक जंगल के बीच ही ट्रेन करीब 15 मिनट तक खड़ी रही। ट्रेन में फायर अलार्म बजने लगा था, जिससे यात्री और घबरा गए थे।

यह घटना आज सुबह करीब 5.30 बजे कोटा के नजदीक दिल्ली-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस (20156) में हुई। यह ट्रेन दिल्ली से रात 11:25 बजे रवाना होती है और अगले दिन 12 बजे इंदौर आती है। ट्रेन में सवार यात्रियों ने बताया कि सुबह करीब 5:30 बजे जब सभी सो रहे थे तो अचानक धुआं होने से डरकर जाग उठे।

हंगामा होने पर ट्रेन को रोका गया। कुछ ही देर में रेलवे स्टाफ बोगी में पहुंचा और सभी यात्रियों को ट्रेन से उतारा। इसके बाद जांच में शॉर्ट सर्किट के कारण धुआं निकलने की बात सामने आई। स्टाफ ने तुरंत सुधार पूरा करने के साथ ही सभी बोगियों की जांच की। स्टाफ ने यात्रियों को बताया कि संभवत: चूहों द्वारा तार काट दिए जाने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ था। सुधार पूरा होने तक ट्रेन जंगल में ही खड़ी रही। सुधार के बाद यात्रियों को दोबारा ट्रेन में बैठाया गया और फिर ट्रेन रवाना हुई। इस बीच यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**इंदौर आने वाली एक ट्रेन का मार्ग बदलेगा**– उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल स्थित वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन पर 25 नवंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक अपग्रेडेशन कार्य किया जाएगा। इस कारण इंदौर आने वाली एक ट्रेन का मार्ग अस्थायी रूप से बदला जाएगा।

रेलवे जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि गाड़ी संख्या 14320 बरेली-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन 26 नवंबर से 7 जनवरी तक अपने नियमित मार्ग के बजाय ग्वालियर-गुना-बीना मार्ग से संचालित होगी। मार्ग बदलने से यह ट्रेन के नियमित रूट पर आने वाले झांसी स्टेशन पर नहीं जाएगी, जिससे इस स्टेशन पर उतरने और चढ़ने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## 100 कन्याओं का किया पाद पूजन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● महेश नगर स्थित अष्टवाली माताजी मंदिर में नौ दिनों से चल रहे विशेष अनुष्ठान की पूर्णाहुति हुई, शरद पूर्णिमा के अवसर पर 100 से ज्यादा कन्याओं का पूजन अर्चन वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती अर्चना जायसवाल ने किया। शरद पूर्णिमा पर माता जी की महाआरती की गई, 100 से कन्याओ कन्याओ का पाद पूजन वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती अर्चना जायसवाल ,सुशील लखोटिया परिवार ने वेद मंत्रों के बीच किया गया, इसके पहले 9 दिनों से चल रहा है अनुष्ठान की हवन में आहुति देकर पूर्णाहुति की गई। दिलीप ठक्कर के अनुसार माता जी की आराधना पिछले 30 वर्षों से सतत जारी है अष्टभुजा वाली माई की प्रतिमा 30 वर्ष पूर्व अष्टधातु से निर्मित कर स्थापित की गई थी। कन्या भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर भारत सिंह ठाकुर,भूपेंद्र केतके, मोहन चौहान, दिलीप ठक्कर, प्रकाश ठाकुर राम गोपाल सोमानी सहित अन्य मौजूद थे



## मप्र पत्रोपाधि अभियंता संघ के महासचिव वैष्णव का सम्मान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आज मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ द्वारा आयोजित सितंबर में सेवानिवृत्त हुए अतिरिक्त कार्यपालन यंत्री व पत्रोपाधि अभियंता संघ के महासचिव के वैष्णव का सम्मान समारोह, पांच सितंबर को इंदौर के माई मंगेशकर सभागृह में आयोजित किया गया जिसमें सभी संघों के साथ फेडरेशन इंदौर को भी आमंत्रित किया, इसमें मदन वर्मा, केजेएल जोशी व विरेन्द्र कुमार मिश्रा ने फेडरेशन की ओर से बुके भेंट किया व फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया तथा बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## बीएलए की नियुक्ति एवं वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा - वानखेड़े

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने ग्रामीण क्षेत्र की विधानसभा राऊ, सांवेर, महू एवं देपालपुर के सभी ब्लाक अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक ली, जिसमें पोलिंग बूथों की सुक्ष्मता से परीक्षण करने, नये बीएलए नियुक्त करने के साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान के संदर्भ में व्यापक स्तर पर हस्ताक्षर अभियान का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कहा कि पिछले चुनावों की स्थिति को देखते हुए हुए हमें पूरी सतर्कता के साथ आगामी चुनावी तैयारी में जुटना है, साथ ही इन्दौर जिले की चारों विधानसभा के प्रत्येक बूथ के लिए बीएलए की जांच कर निष्क्रिय के स्थान पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को बीएलए की जिम्मेदारी सौंपना होगी। हमें मतदाता सूचि का सुक्ष्मता के साथ परीक्षण कर फर्जी और डबल मतदाताओं के नामों को प्राथमिकता के साथ हटवाने की जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा।

## कैलाश विजयवर्गीय को महर्षि वाल्मिकीजी का चित्र भेंट किया



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● म.प्र. श्रमजीवि सफाई कर्मचारी संघ भारतीय मजदूर संघ से संबंध के जिला अध्यक्ष सुरेश लाहोरे, चौधरी बलराम चिंतामण उस्ताद, ईश्वरलाल विश्नार, मुकेश गौसर, बाबूलाल गौसर, शंकरलाल गौसर, योगेश लाहोरे, रोहित कछोटिया, चौधरी चंदन तेजी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वाल्मिकी समाज के आराध्य महर्षि वाल्मिकी जी की जयंती श्रद्धा-भक्तिपूर्वक मनाई गई। संस्था की परम्परा अनुसार इस वर्ष मुख्य अतिथि म.प्र. शासन एवं आवास केबिनेट मंत्री माननीय कैलाश विजयवर्गीय को महर्षि वाल्मिकी जी का चित्र भेंट किया गया।

## राष्ट्र के लिए मध्यस्थता के 90-दिवसीय विशेष अभियान के माध्यम से कुल 4,552 मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के निर्देशों के अनुसार 01 जुलाई 2025 से 07 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्र के लिए मध्यस्थता नामक एक विशेष अखिल भारतीय अभियान शुरू किया गया। इस 90-दिवसीय गहन अभियान का उद्देश्य राज्य भर में तालुका न्यायालयों से लेकर उच्च न्यायालयों तक न्यायपालिका के सभी स्तरों पर मध्यस्थता के माध्यम से लंबित मामलों का निपटारा करना था। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की प्रेरणा और मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन के कुशल मार्गदर्शन में यह अभियान न्यायालयों में लंबित मामलों का उचित समाधान करने और मध्य प्रदेश के कोने-कोने में विवाद समाधान के एक उपयोगकर्ता-अनुकूल माध्यम के रूप में मध्यस्थता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया गया।

## तीर्थ स्वरूप श्री आदिनाथ जिनालय ट्रस्ट के नए कार्यालय का शुभारंभ हुआ



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● श्रमण संस्कृति के महामहिम संत शिरोमणि एवं समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज नवाचार्य समय सागर जी महाराज एवं गणिनी प्रमुख आर्यिका ज्ञानमती माताजी के अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा पर आज तीर्थ स्वरूप श्री दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय परिसर में कंप्यूटरीकृत एवं वाई-फाई की सुविधा से लैस आदिनाथ दिगंबर जैन धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट छत्रपति नगर के नवीन कार्यालय का शुभारंभ पट्टाचार्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के आशीर्वाद एवं परम पूज्य आचार्य विभव सागर महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में संपन्न हुआ। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इसी के साथ जिनालय की सुरक्षा हेतु मंदिर के अंदर एवं बाहर पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं, आगंतुकों को पेयजल हेतु वाटर कूलर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

## शरद पूर्णिमा पर बर्फानी धाम पर हजारों भक्तों का मेला



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शरद पूर्णिमा का उत्सव पूर्वी क्षेत्र के बर्फानी धाम आश्रम पर अनोखे अंदाज में नजर आया, आश्रम के अधिष्ठाता साकेतवासी बर्फानी दादाजी के समय से शरद पूर्णिमा पर दमा शुगर ओर बल्ड प्रेशर की अलग-अलग प्रकार की औषधि युक्त खीर का वितरण का यह 31वां वर्ष था, सुबह से ही आश्रम में दर्शनों के लिए भक्तों का ताता लगा रहा और भजन कीर्तन, रात में महा आरती की गई। एक दिन पहले रविवार सुबह से ही आश्रम परिसर में 300 से ज्यादा सेवादार व्यवस्थाओं के अलग-अलग दायित्व को संभाल रहे थे 20 से ज्यादा महाराज हजारों लीटर की तीन अलग-अलग प्रकार की खीर को बनाने के लिए सोमवार सुबह से जुट गए थे । गौ माता के दूध से निर्मित खीर का देर रात तक श्रद्धालु प्रसादी के रूप में ग्रहण करते रहे।

## शासकीय अस्पतालों में किये स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्य

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा गत दिवस इंदौर जिले के शासकीय अस्पतालों में सेवा पखवाड़े के तहत किये गये विशेष सफाई अभियान की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत जिले के जिला चिकित्सालय सहित प्रकाशचंद सेठी अस्पताल, सिविल अस्पताल सांवेर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेटमा, सीएचसी मांगीलाल चूरिया अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेटमा आदि अस्पतालों में विभिन्न तरह के सफाई कार्य किये गये।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, बुधवार 08 अक्टूबर 2025

## न्यूज इन ब्रीफ

### ढाई दिन के लिए मायके आई गौरी एवं रेणुका को विदाई

**इंदौर** ● ढाई दिन के लिए मायके आई मां गौरी एवं मां रेणुका को महाराष्ट्रीयन पाटिल परिवारों ने ससुराल जाने के पहले धूमधाम से विदाई दी। सैकड़ों महिलाओं ने दोनों देवियों को ढोल-ढमाकों के साथ छप्पन भोग समर्पित किए, पुष्पबंगला सजाया और रातभर जागरण कर भजनों के माध्यम से उनकी वंदना भी की। पालदा स्थित शिव संकल्प परिवार से दोनों को विदाई दी गई। संयोगवश यह मौका शरद पूर्णिमा की बेला में आया। शिव संकल्प परिवार पालदा की श्रीमती नलिनी पाटिल, सत्यम-संस्कृति एवं सुमन गावंडे ने बताया कि मायके में ढाई दिनों तक मेहमाननवाजी के बाद उनकी विदाई के उपलक्ष्य में विशेष उत्सव का आयोजन हुआ।

### अ.भा. पंच दिगम्बर अणि अखाड़े के महामंडलेश्वर महंत वैष्णोदास का हंसदास मठ पर सम्मान

**इंदौर** ● अ.भा. पंच दिगम्बर अणि अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर महंत वैष्णोदास महाराज के शहर आगमन पर एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित हंसदासमठ मठ पर उनकी गरिमापूर्ण अगवानी डाकोर-इंदौर खालसा के हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य में की गई। महामंडलेश्वर महंत वैष्णोदास महाराज उज्जैन में लगने वाले सिंहस्थ मेले में अपने शिविर एवं अन्य तैयारियों का जायजा लेने आए थे। इस दौरान हंसदास मठ आगमन पर महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज ने वेदपाठी ब्राह्मण बटुकों द्वारा स्वस्ति वाचन के बीच उनकी अगवानी की। उन्होंने उज्जैन में लगने वाले सिंहस्थ मेले की तैयारियों पर हंस पीठाधीश्वर से लंबी बातचीत की। इस दौरान शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में अ.भा. संत समिति के महामंत्री महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा, महंत अमित दास, यजत्र दास, गणेश दास, चंद्रमणि दास एवं कामता दास सहित अनेक संतों-महंतों ने भी उनका सम्मान किया। महंत वैष्णोदास महाराज ने मठ स्थित सभी विग्रहों में दर्शन-पूजन कर गौशाला का भी भ्रमण किया और गौसेवा का पुण्य लाभ भी उठाया।

### फिलेटिकल एवं न्यू मिस्मेटिक्स सोसायटी की मासिक सभा में हुआ पत्रिका इंडफिल का लोकार्पण

**इंदौर** ● इंदौर फिलेटिकल सोसायटी एवं इंदौर न्यू मिस्मेटिक्स सोसायटी की मासिक सभा में देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर संग्रहित सिक्के का प्रदर्शन भी किया गया और सोसायटी की मासिक पत्रिका इंडफिल का लोकार्पण भी किया गया। रीगल चौराहा स्थित इंडियन काफी हाउस पर आयोजित यह सभा लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी के नाम समर्पित रही। फैशन डिजाईनजर एवं फिलेटेलिस्ट विदुषी जैन ने अध्यक्षता की। कार्यशाला का आयोजन रवीन्द्र नारायण पहलवान के निर्देशन में संपन्न हुआ। आलोक खादीवाला ने गांधी एवं शास्त्री पर विशेष एलबम का प्रदर्शन किया। शिवम चतुर्वेदी ने रियासत कालीन भारतीय सिक्कों पर आधारित पुस्तक का प्रदर्शन कर उन पर अपने विचार भी रखे। महेश रामचंदानी एवं राजेश शाह द्वारा संग्रहित अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर जारी सिक्के का प्रदर्शन भी विशेष आकर्षण रहा।

### लोक नायक जे.पी. एवं नानाजी देशमुख की जयंती पर 11 अक्टू. को विशेष व्याख्यान

**इंदौर** ● लोक नायक जयप्रकाश नारायण एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नानाजी देशमुख की जयंती के अवसर पर शनिवार, 11 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे जावरा कम्पाउंड स्थित भाजपा कार्यालय पर लोकतंत्र सेनानी एवं प्रहरी संघ के तत्वावधान में व्याख्यान का आयोजन रखा गया है। संघ के अध्यक्ष गिरीश शर्मा आदित्य ने बताया कि इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य एवं गांधीवादी विचारक अनिल त्रिवेदी की अध्यक्षता में भाजपा के चिंतक और विचारक बाबू सिंह रघुवंशी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। संघ के सभी सदस्यों को इस आयोजन का खुला न्यौता दिया गया ह।

# इंदौर को चुंगी क्षतिपूर्ति की पूरी राशि मिलेगी

## सरकार बिजली के बिल के नाम पर पैसा नहीं काटेगी



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा फैसला लिया गया है कि अब इंदौर को चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि पूरी दी जाएगी। सरकार द्वारा इस राशि में से बिजली के बिल के नाम पर जो पैसा काटा जा रहा था वह अब नहीं काटा जाएगा। यह फैसला कल भोपाल में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया। इस बैठक में प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे मौजूद थे। इस बैठक में सभी नगर निगम के महापौर और आयुक्त को बुलाया गया था। इंदौर से महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त दिलीप कुमार यादव इस बैठक में भाग लेने के लिए गए थे।

भार्गव ने बताया कि पूर्व में भी हमारे द्वारा राज्य शासन के समक्ष यह मुद्दा उठाया गया था कि चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि में से सरकार द्वारा मनमाने तरीके से पैसा काटा जाता है, इसे रोका जाए। इस पर कल की बैठक में कहा गया कि जो नगर निगम इस बात की गारंटी देगा कि वह बिजली का पैसा सही समय पर चुका देगा तो उस नगर निगम को सरकार द्वारा बिना कटौती के चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि दी जाएगी। भार्गव ने कहा कि इंदौर नगर निगम पहले से ही इस बात की गारंटी राज्य सरकार को दे चुका है कि आप हमें हमारा पैसा दीजिए, हम बिजली कंपनी को बिजली का बिल चुका देंगे। इस तरह कल की बैठक में इंदौर को चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि पूरी मिलने का रास्ता साफ हो गया।

## इन्दौर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी पत्रकारों का सम्मान 13 को




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा इन्दौर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी पत्रकारों का सम्मान एवं मीडिया का अभिवादन का आयोजन 13 अक्टूबर 2025, सोमवार को प्रात: 11 से 12 बजे तक सम्मान समारोह के पश्चात मालवी भोजन, बिचौली मर्दाना स्थित विद्यासागर स्कूल ऑडिटोरियम में किया गया है। इस अवसर पर निर्भय, निष्पक्ष, निरंतर कार्य करने वाले लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के ऐसे पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने अपने जीवन के 5 दशक समाज को जागरूक और सशक्त बनाने में लगा दिए।

सम्मान समारोह ट्रस्ट के संरक्षक एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, राधेश्याम पटेल की उपस्थित में सम्पन्न होगा। ये एक पहला ऐसा आयोजन होगा जिसमें पत्रकार जगत अपने परिवार के साथ आमंत्रित है।

## आद्य गौड़ ब्राह्मण मातृशक्ति ने ऑपरेशन सिंदूर सहित अनेक रंगारंग प्रस्तुतियों से मोह लिया सबका मन




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास की मेजबानी में विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम के सभा मंडप में महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं राज्य के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन तथा समाजसेवी सुरेश शाहरा के आतिथ्य में रंगारंग सौम्य गरबा महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें मातृशक्ति द्वारा गणेश वंदना, कत्थक भैरवी नृत्य और आपरेशन सिंदूर पर आधारित गरबा नृत्य सहित अनेक प्रस्तुतियों ने देर रात तक हजारों समाजबंधुओं को मंत्र मुग्ध बनाए रखा। न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक शीतल-अरविंद शर्मा, रंजना-अभिषेक शर्मा एवं हेमा-सूरज शर्मा ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ नालंबी तिवारी एवं मानवी चौहान द्वारा गणेश वंदना के साथ हुई। सात वर्षीय आरोही शर्मा ने आयाम कत्थक एकेडमी की नृत्य गुरू सुश्री स्मृति-आदित्य के मार्गदर्शन में भैरवी नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

## कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने किया बिजली ग्रिड का लोकार्पण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मंगलवार दोपहर झाबुआ जिले की पेटलावद तहसील के मठमठ ग्राम में 2 करोड़ 85 लाख के नए 33/11 केवी के ग्रिड का लोकार्पण किया। आरडीएसएस अन्तर्गत बने इस ग्रिड से 4 पंचायतों के 17 गांवों के हजारों ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं को गुणवत्ता के साथ बिजली मिलेगी। लोकार्पण समारोह में मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि प्रदेश सरकार आपके लिए सतत विकास कार्य कर रही है। इस नए ग्रिड से वोल्टेज की समस्या नहीं रहेगी और खेती तथा घरेलू कार्यों के लिए अच्छी तरह से बिजली मिलेगी। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता एससी वर्मा, अधीक्षण अभियंता डीएस राजपूत प्रमुख रूप से उपस्थित थे। आरडीएसएस अन्तर्गत मठमठ का ग्रिड पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र का 81वां ग्रिड है।



## अग्रश्री कपल्स ग्रुप के ताल और टशन गरबों से इंदौर में झूमा गुजरात का डांडिया उत्सव



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● गुजरात के डांडिया गरबे तो पूरी दुनिया में धूम मचाए हुए हैं, लेकिन बीती रात खजराना गणेश मंदिर प्रांगण स्थित छावछरिया प्रवचन सभागृह में मानो पूरा राजकोट और गुजरात ही उतर आया था। प्रख्यात डांडिया किंग के नाम से मशहूर वनभा झाला और उनकी टीम ने अपनी जानदार और जोशीली प्रस्तुतियों से ताल और टशन शीर्षक गरबों से ऐसा रंग जमाया कि सभागृह में मौजूद सैकड़ों लोग ताल से ताल मिलाते हुए थिरक उठे।

संस्था अग्रश्री कपल्स ग्रुप के तत्वावधान में अ.भा. अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी डॉ. कुलभूषण - सपना मित्तल के आतिथ्य में आयोजित इस सुहानी शाम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। आशना पाटनी की इस प्रस्तुति दे बाद कालिका और शुभम कालरात्रि गरबों की श्रृंखला में ईशानी दुग्गल ने नवदुर्गा की भावपूर्ण स्तुति से समूचे माहौल को भक्ति भाव से भरपूर बना दिया। क्रायांश इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। राजकोट से आए डांडिया किंग के नाम से मशहूर वनभा झाला ने तो मानो अपने साथ समूचे गुजरात और कच्छ की संस्कृति को ही खजराना मंदिर परिसर में ला खड़ा किया। उनकी धुनों पर सैकड़ों दर्शक ताल से ताल मिलते रहे।

## दो दिन पहले ही चेताया था, नहीं माने तो अब आरटीओ के साथ मिलकर की बसें जब्त

### विजयनगर क्षेत्र में कई स्थानों पर अवैध बस स्टैंड की शिकायतें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● दो दिन पहले यातायात पुलिस ने बसों पर चालानी कार्रवाई और समझाइश के बाद भी नहीं माने कुछ संचालकों की बसों को कल आरटीओ के साथ हुई संयुक्त कार्रवाई में यातायात पुलिस ने जब्त कर लिया। विजयनगर क्षेत्र से अब लगातार नो पार्किंग में खड़ी बसों और अवैध बस स्टैंड की शिकायतें आ रही हैं।

कल देर शाम आरटीओ प्रदीप शर्मा और यातायात पुलिस जोन-2 ने संयुक्त कार्रवाई की। सयाजी होटल के पीछे सयाजी मुक्तिधाम रोड पर खड़ी बसों के विरुद्ध लगातार यहां के रहवासी शिकायत कर रहे थे कि रिहायशी क्षेत्र होने और मुख्य मार्ग से जुड़ा होने के कारण बसें खड़ी होने से हमें परेशानी होती है। कल टीम ने आकस्मिक रूप से पहुंचकर 5 बसों को जब्त कर लिया। इन्हें दो दिन पहले ही चालानी कार्रवाई करते हुए सूबेदार सैयद काजिम हुसैन रिजवी ने समझाइश दी थी, लेकिन कई नहीं माने। कई दूसरे वाहनों को क्रेन से हटवाया गया।

यही हाल सुबह और शाम को विजयनगर चौराहे के साथ ही रेडिसन और बॉम्बे हॉस्पिटल क्षेत्र के भी हैं। लंबी दूरी की बड़ी बसें अलसुबह से साढ़े आठ बजे तक और शाम 7 बजे से देर रात तक यहां सवारियों को छोडने और लेने के लिए खड़ी रहती हैं। एक साथ कतार में खड़ी बसों के कारण सुबह ये स्थिति रहती है कि सवारियों के चक्कर में ऑटो और टैक्सी वाले रॉन्ग साइड तेज गति से आने से भी नहीं कतराते। सुबह ही इस रोड पर स्टाफ और स्कूल बसों का दबाव भी रहता है और छोटे वाहन चालकों की फजीहत हो जाती है।

## शहर में होगा भव्य अयोध्या महोत्सव 2025 - गांधी हॉल परिसर सजेगा दुनिया के सबसे ऊँचे 51 फीट धनुष से

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● संस्कारों की नगरी इंदौर इस बार अयोध्या की पावन छटा में रंगने जा रही है। गांधी हॉल परिसर अयोध्या नगरी - राम राज्य की झलक थीम पर आयोजित होने वाले अयोध्या महोत्सव 2025 का साक्षी बनेगा। महोत्सव का आयोजन 11 और 12 अक्टूबर 2025 को गांधी हॉल परिसर में होगा। महोत्सव का शुभारंभ 10 अक्टूबर (शुक्रवार) शाम 6:30 बजे किया जाएगा, मुख्य अतिथि मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। ,मुख्य कार्यक्रम 11 एवं 12 अक्टूबर को प्रतिदिन प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक चलेगा।, महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण रहेगा विश्व का सबसे ऊँचा खड़ा धनुष 51 फीट ऊँचा और लगभग 1.5 टन वजनी यह धनुष विशेष क्क्ष्ट शीट से निर्मित किया गया है। इस धनुष में 11,000 'राम नाम' पुस्तकें समाहित की जाएंगी, जिनमें प्रत्येक में 1008 बार 'राम नाम' अंकित है। यह श्रीराम नाम की शक्ति, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत प्रतीक बनेगा। इस धनुष को विश्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने की दिशा में भी पहल की जा रही है। इस भव्य आयोजन का संयुक्त आयोजन अयोध्या महोत्सव फाउंडेशन एवं प्लान एंड ग्रूव इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (सीए मुस्कान सोमानी ,नंदिनी सोमानी ) द्वारा किया जा रहा है।

**रामायण के सातों कांडों की जीवंत प्रस्तुति** - गांधी हॉल परिसर को अयोध्या नगरी के रूप में सजाया जाएगा, जहाँ रामायण के सातों कांडों की झलकियां झांकियों, नृत्य और नाट्य रूपांतरण के माध्यम से दिखाई जाएंगी बाल कांड - श्रीराम जन्म एवं सीता स्वयंवर ,अयोध्या कांड - वनवास और त्याग ,अरण्य कांड - स्वर्ण मृग और सीता हरण ,किष्किंधा कांड - हनुमान-सुग्रीव मित्रता ,सुंदर कांड - हनुमान जी का समुद्र लांघना , युद्ध कांड - राम-रावण युद्ध एवं सेतु निर्माण , उत्तर कांड - राम राज्याभिषेक एवं जय श्रीराम की गूंज

**भव्य महा आरती एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ**-प्रत्येक संध्या सूर्यास्त के बाद श्रीराम महा आरती का आयोजन होगा, जहाँ दीपों की रौशनी, शंखध्वनि और भजनों की मधुर ध्वनि से पूरा परिसर दिव्यता से आलोकित होगा। संगीतमय श्रीराम कथा, भजन संध्या, लोक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां श्रद्धा और आनंद का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगी। महोत्सव में विशेष रूप से अयोध्या बाजार लगाया जाएगा।

## प्रकाश महावर को मिली जिला कांग्रेस में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जहां जिला व शहर संगठन में विपिन वानखेड़े एवं चिंटु चौकसे जैसे उर्जावान एवं संघर्षशील नेताओं को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली है, वहीं दोनों अध्यक्षों ने घर बैठे पुराने एवं अनुभवी कांग्रेस नेताओं को तलाश करते हुऐ संगठन का काम सौंपना शुरु कर दिया है, इसी कड़ी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने शहर कांग्रेस में लगातार 8 साल स्थाई मंत्री की जवाबदारी निभाने वाले पुराने कांग्रेसी प्रकाश महावर कोली को जिला कांग्रेस के मीडिया प्रभारी के साथ ही कलेक्टर कार्यालय की स्टेंडिंग कमेटी में जिला कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। पुराने अनुभवी और संगठनात्मक गतिविधियों के जानकार प्रकाश महावर कोली पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद टंडन के कार्यकाल में सन 2013 से शहर कांग्रेस महामंत्री एवं 2017 से स्थाई मंत्री जैसे जवाबदारी वाले पद की कमान सम्हाल चुके हैं, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष रहे विनय बाकलीवाल ने उन्हें स्थाई मंत्री के पद से हटाकर पुराने स्थाई मंत्री द्वारका प्रसाद चौबे को पुन: नियुक्त कर दिया था।

## राष्ट्रीय अधिवेशन 2025 में इंदौर जाग्रति पुलक मंच परिवार को मिला सर्वश्रेष्ठ अधिवेशन पुरस्कार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● प. पूज्य आचार्य पुलक सागर जी महाराज ससंघ के आशीर्वाद से उदयपुर राजस्थान में इंदौर मंच परिवार ने नए इतिहास की रचना की।इंदौर जाग्रति पुलक मंच परिवार को सर्वश्रेष्ठ अधिवेशन पुरस्कार प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष मीना झांझरी एवं प्रदेश महामन्त्री आशा होलास सोनी ने बताया कि क्षेत्रीय अधिवेशन के 9 झोन में से सर्वश्रेष्ठ अधिवेशन का अवार्ड झोन 3 इंदौर को प्राप्त हुआ।जो इंदौर की समस्त महिला एवं पुरुष शाखाओ की एकता एवं मेहनत का प्रतिफल था। मध्यप्रदेश अध्यक्ष अनामिका बाकलीवाल एवं शिरीष जैन ने बताया कि 800 वृक्षों को लगाने पर पुलक छाया का अवार्ड महिला जाग्रति मंच मैन मीना झांझरी इंदौर को प्राप्त हुआ। महामंत्री मनोज बाकलीवाल ने बताया कि देशभर की पुलक मंच की 300 से अधिक शाखाओ में से सर्वश्रेष्ठ शाखा का अवार्ड एवं 21000/- नगदी पुरुस्कार डायमंड शाखा इंदौर को प्राप्त हुआ।उक्त राशि को जिनशरणं छात्रावास में भेट किया गया।

संगठन मंत्री प्रीति गांधी व रोशन जैन ने बताया कि अधिवेशन की पूर्व संध्या में आयोजित म्यूजिकल प्रतियोगिता में पुलक आइडल अवार्ड प्रदान किये गए जिसका संयोजन संचालन अनामिका बाकलीवाल ने किया।राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश भर से गायक गायिकाओं ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी ।

## सम्पादकीय

### अदालत के भीतर जूते फेंकने जैसी हरकत, कानून से न्याय दिलाने वाला हिंसा की भाषा में क्यों बोल पड़ा ?

सुप्रीम कोर्ट में वकील द्वारा जूता फेंकने की कोशिश ने न्यायिक गरिमा पर प्रश्न खड़ा कर दिया। यह घटना केवल असंयम नहीं, बल्कि सोशल मीडिया के प्रभाव में कानून और विवेक की पतन की चेतावनी है। हैरानी की बात है कि आरोपी ने अपनी मनमानी करने का जो कारण बताया, उससे यह साफ है कि वकील होने के बावजूद उसकी नजर में कानून या न्याय-प्रणाली की कोई अहमियत नहीं है। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन लोगों से संविधान और कानून की रक्षा, उसकी मजबूती के लिए काम करने की उम्मीद की जाती है, वही अपनी कुंठाओं का प्रदर्शन करते हुए सारे नियम-कायदे ताक पर रख दें। सर्वोच्च न्यायालय में सोमवार को प्रधान न्यायाधीश के साथ एक वकील ने जो किया, उससे यह तीखा सवाल उठा है कि ऊंची पढ़ाई-लिखाई करके वकालत का पेशा चुनने वाला एक व्यक्ति कैसे अपने दुराग्रहों की वजह से कानून और न्याय-प्रक्रिया को अपमानित कर सकता है। गौरतलब है कि एक वकील ने कार्यवाही के बीच में ही प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की ओर सिर्फ इसलिए जूता उछालने की कोशिश की कि उसके दिमाग पर सोशल मीडिया पर फैलाई गई कोई बात हावी हो गई थी। सरकार की ओर से हर स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था एक मुद्दा दिखने के बावजूद अदालत के भीतर इसका ढांचा कैसा था कि एक व्यक्ति अपनी मनमानी को लेकर बेखौफ था। गनीमत बस यह रही कि आरोपी की हरकत सीमित थी, वरना वहां कुछ भी हो सकता था। सवाल है कि जिस व्यक्ति के भीतर विवेक इस कदर अनुपस्थित हो गया हो कि वह अदालत में ही प्रधान न्यायाधीश के प्रति आक्रामक हो गया, वह इससे ज्यादा हिंसक नहीं होगा, इस बात की क्या गारंटी है। इस मसले पर सोशल मीडिया पर फैलाई गईं बातों के असर में इस तरह बेलगाम और आक्रामक होना इस बात का भी सूचक है कि ऐसे व्यक्ति का विवेक सामान्य तरीके से काम नहीं कर पा रहा है और वह कानून के तंत्र एवं शासन के बजाय हिंसा का रास्ता अख्तियार करना ज्यादा सही मानता है। शायद यही वजह है कि प्रधान न्यायाधीश ने भले ही उदारता दिखाते हुए आरोपी व्यक्ति के प्रति नरमी बरती, लेकिन सुप्रीम कोर्ट बार काउंसिल ने आरोपी वकील का लाइसेंस जब्त कर उसे निलंबित कर दिया। मगर इस घटना की गंभीरता को समझते हुए ही खुद प्रधानमंत्री सहित अन्य कई बड़े नेताओं ने इसे निंदनीय बताया और चिंता जाहिर की। हैरानी की बात है कि आरोपी ने अपनी मनमानी करने का जो कारण बताया, उससे यह साफ है कि वकील होने के बावजूद उसकी नजर में कानून या न्याय-प्रणाली की कोई अहमियत नहीं है।

# जहरीली कोल्ड्रिफ कफ सिरप का मामला - सांप निकल गया अब केवल लाठी कुटी जा रही है !

मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। सिर्फ छिंदवाड़ा में अब तक 15 बच्चों की जान जा चुकी है। वहीं, अब एमपी सरकार ने मामले की जांच के लिए स्पेशल इंवेस्टिगेटिव टीम (SIT) का गठन किया है।जहरीले कफ सिरप का असर सीधे बच्चों की किडनी पर देखने को मिला। किडनी फेल होने से बच्चों की मौत हो गई। बच्चों की दवाईयों में कोल्ड्रिफ कफ सिरप लिखने वाले सरकारी डॉक्टर प्रवीण सोनी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया गया है।

तमिलनाडु के ड्रग डिपार्टमेंट के अधिकारियों की जांच में श्री सन कंपनी की कांचीपुरम यूनिट में हुई जांच में खुलासा हुआ है कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप में 48.6% डाईथाइलीन ग्लॉयकाल था। यह एक जहरीला केमिकल है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने रविवार को कफ सिरप से मौत के मामलों को लेकर राज्यों से हाईलेवल मीटिंग की। उस दौरान उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि दवा बनाने के नियम का पालन करवाएं। बैठक में तय हुआ कि 19 दवा कंपनियों की स्पेशल जांच होगी, निगरानी बढ़ाई जाएगी और राज्यों के बीच मदद और जानकारी का आदान-प्रदान मजबूत होगा। डॉ। राजीव बहल ने कहा कि बच्चों को बिना जरूरत खांसी का सिरप नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि इनके फायदे कम और खतरे ज्यादा होते हैं।इधर, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (CDSCO) कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्री सन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। इस सिरप से मध्य प्रदेश में 16 बच्चों की मौत हो चुकी है। इन सभी की उम्र 1-5 साल के बीच थी। हालांकि प्रशासन ने अब तक सिर्फ 11 मौतों की पुष्टि की है।

लोगों का कहना है कि सरकारी डिपार्टमेंट कोई घटना यां दुर्घटना होने पर ही क्यों जगती है । जब दवा , दवा कंपनी से बाहर निकलती है तभी उसके गुण धर्मों को क्यों नहीं परखा जाता । समाचार पत्रों में अक्सर पढ़ा जाता है कि कुछ डॉक्टर कमीशन खोरी के चक्कर बिना परखी हुई दवा लिख देते है और इस प्रकार मरीजों को या तो फायदा नहीं होता यां दुर्घटना हो जाती है तथा दवा लिखने के बाद डॉक्टर किसी विशेष या अपने प्रिय मेडिकल स्टोर से दवा खरीदने की सलाह भी देते है। दूसरी ओर, हमारे देश में, एफडीए, केवल नाम के लिए, जॉनसन एंड जॉनसन जैसी शक्तिशाली कंपनी पर महेश जगाड़े के कानूनी थप्पड़ को छोड़कर, महाराष्ट्र में एफडीए के पास पर्याप्त दवा




निरीक्षक भी नहीं हैं और मुंबई क्षेत्र में कई दवा कंपनियां हैं, लेकिन उन्हें विनियमित करने के लिए पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं। जो कंपनियां पकड़ी गईं, जिनकी जान इस तरह की फर्जी दवाओं के कारण चली गई, उन्हें सब कुछ शांत है के बाद ड्रग्स बनाने का लाइसेंस दिया गया, ताकि ये कंपनियां फिर से वही ड्रग्स बनाने के लिए तैयार हो जाएं। अभी जो कंपनी है वो तमिलनाडु में है, और उसका कुछ और होगा इसकी कोई गारंटी नहीं है। अभी भी जब मिलावट का पता चला तो सैंपल टेस्ट करने का दिखावा किया गया और संबंधित एजेंसी ने संबंधित कंपनी को सर्टिफिकेट भी दिया कि सब ठीक है। अफवाहें हैं कि मिलावटी दवाओं के नमूनों, जिसके कारण कई बच्चों की मौत हो गई, का बिल्कुल भी परीक्षण नहीं किया गया था। गलत दवाओं का परीक्षण किया गया। यह प्रमाणित किया गया था कि सब कुछ सही था। नतीजतन, मौतों की संख्या में वृद्धि हुई। लगभग सौ साल पहले संयुक्त राज्य अमेरिका में इस प्रकार के सौ लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। पिछले कुछ वर्षों में हमारे देश में ऐसी मिलावटी दवाओं के कारण होने वाली मौतों की संख्या इससे दोगुनी है। फिर भी कोई नहीं चाहता कि स्थिति में सुधार हो।

चार पैसे बचाने के लिए मनुष्यों, विशेष रूप से बच्चों में खांसी की दवा बनाने के लिए कारों के ब्रेक सिस्टम में उपयोग किए जाने वाले समाधान का क्या प्रभाव होगा? यदि किसी समाज में नशीली दवाओं में मिलावट की ऐसी घटनाएं अक्सर होती रहती हैं, तो उस क्षेत्र के शासन और नियामक प्रणाली के बारे में क्या कहा जा सकता है? मध्य प्रदेश और उसके आसपास खांसी की दवा से 14-15 बच्चों की मौत एक बार फिर इस समस्या को रेखांकित करती है। एक बार फिर%कहने का कारण यह है कि उन दवाओं में मिलावट के कारण कई मौतों के इतिहास के बावजूद, वर्तमान उसी दिशा में जाता है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जाता है। जम्मू-कश्मीर से लेकर राजधानी दिल्ली, आर्थिक राजधानी मुंबई तक, इस तरह के कई कफ सिरप मिलावट ने पिछले कुछ वर्षों में कई मौतों का कारण बना है, और यहां तक कि अफ्रीकी गाम्बिया और उज्बेकिस्तान जैसे देश, जो दुनिया के सबसे पिछड़े देश हैं, ने भी भारतीय दवाओं को वापस बुला लिया है या उन पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन हमारे फार्मा उद्योग के फलने-फूलने के कोई संकेत नहीं हैं। हमारे पास कोई नियंत्रण प्रणाली नहीं है। विकसित देश का सपना देखने वाले देश में ऐसी व्यवस्था विकसित करने की आकांक्षा नहीं होती क्योंकि यह शासकों की प्राथमिकता नहीं होती है। इस सच्चाई को ध्यान में रखते हुए खांसी की इस दवा की भयावह हकीकत को समझना जरूरी है।

ग्लिसरीन को खांसी की दवाओं में उनकी आवश्यक चिपचिपाहट और मिठास के लिए जोड़ा जाता है। अच्छी गुणवत्ता वाले ग्लिसरीन के लिए भुगतान करना पड़ता है। इसे बचाने के लिए, कुछ माध्यमिक दवा निर्माता इन खांसी की दवाओं में डायथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) मिलाते हैं, जो आमतौर पर कारों के ब्रेक सिस्टम में और कारों में विभिन्न रसायनों के जमने से रोकने के लिए बहुत ठंडे वातावरण में उपयोग किए जाते हैं। यदि यह शरीर में प्रवेश करता है, तो यह फेफड़ों की विफलता या तंत्रिका तंत्र पर गंभीर प्रभाव पैदा कर सकता है। इस पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।खांसी में मिलावट के दुष्प्रभावों का पहली बार 1930 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका में मानकीकरण की वैज्ञानिक प्रक्रिया विकसित होने से पहले पता चला था, और उस देश में 105 लोगों की मृत्यु हो गई थी। एक बार उपलब्ध होने के बाद, दवा को पूरी दुनिया में आसानी से बेचा जा सकता है। इसके लिए अन्य देशों से अलग

दरअसल फार्माकोलॉजी एक बहुत ही जटिल विज्ञान है और इसमें 100 प्रतिशत सटीकता का अभाव है। अगर चिकित्सा में लापरवाही है और एक ऐसा समाज जो मानता है कि कुछ दवाओं का कोई दुष्प्रभाव नहीं है, तो ऐसी लापरवाह कंपनियों के गले में फंदा लगने का खतरा है। वहाँ हैं। जिस तरह कंपनियां चिकित्सा के विज्ञान का पालन नहीं करती हैं, उसी तरह नागरिक भी करते हैं। किसी भी फार्मासिस्ट स्टोर पर जाएं और किराने की तरह दवाएं खरीदें; उन्होंने कहा कि विकसित देशों में फार्मेसियों की तरह हमारी तरह कोई अवधारणा नहीं है। जब तक डॉक्टर द्वारा निर्धारित नहीं किया जाता है तब तक दवाएं उपलब्ध नहीं होती हैं। हमने इसे विनियमित करने की कोशिश की है। लेकिन इसका पालन कौन करता है? यह माल का उपभोग करने में फार्मासिस्टों के हित में लापरवाह और लापरवाह और उपभोक्ता के तथाकथित तत्काल परिणामों की आवश्यकता का एक संयोजन है।

वास्तव में, सर्दी अक्सर बिना दवा के ठीक हो जाती है। चिकित्सा पेशेवरों का कहना है कि सर्दी की दवा एक सप्ताह में प्रभावी होती है, लेकिन बिना दवा के सर्दी ठीक होने में सात दिन लग जाते हैं। लेकिन फिर भी, हमारे लिए ऐसी बीमारियों के लिए डॉक्टर के पास जाना आम बात है, और इससे भी बदतर, अपने दम पर गोलियाँ और बिस्कुट जैसी दवाएं खरीदना। अर्क और पाउडर लेने की प्रक्रिया में हाल ही में एक बढ़ती प्रवृत्ति रही है। कोरोना महामारी में कई लोगों ने ऐसी दवाएं देकर कई लोगों की जान ले ली जो बीमारी के खिलाफ कारगर साबित नहीं हुई हैं। विज्ञान की कसौटी पर मुंह मोड़ने वाले समाज में क्या अलग हो सकता है?

प्रथम विश्व युद्ध के अंत में, जब ब्रिटिश दवा कंपनियों ने घातक जैविक/रासायनिक दवाओं का उत्पादन किया, तो यह सवाल उठा कि उनका सुरक्षित परीक्षण कहां किया जाएगा, क्योंकि ऐसे समय में जब ऐसे हथियारों का परीक्षण करना होगा, उन्होंने लोगों को मारने के लिए भारत को एक सुरक्षित स्थान के रूप में चुना।दूसरी ओर, एलोपैथी आधारित दवा कंपनियों के विषाक्तता प्रयोग बेरोकटोक जारी हैं।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार,
लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

# पुलिस ने हथियार सप्लायर सिकलीगर को पकड़ा-डेढ़ महीने से फरार था

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वाले एक सिकलीगर को गिरफ्तार किया है। आरोपी उपकार सिकलीगर डेढ़ माह से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसके पास से हथियार बनाने की सामग्री भी जब्त की है। उस पर गोगावा थाने में आर्म्स एक्ट के तहत तीन मामले दर्ज हैं और वह दो साल से वांछित था।



पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिगनूर निवासी 21 वर्षीय उपकार पिता बिरपालसिंह सिकलीगर के रूप में हुई है। उपकार अवैध हथियार बनाकर तस्करों को सप्लाई करता था। वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।

पुलिस के अनुसार, उपकार ने डेढ़ माह पहले राजस्थान के तस्करों को हथियार बेचे थे। गत 22 अगस्त को गोगावा पुलिस ने राजस्थान के नागौर निवासी दीपक, महिपाल और पिपलई निवासी बबलू को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 9 देशी पिस्टल, 4 देशी कट्टे और 2 जिंदा कारतूस जब्त किए गए थे।

# कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान पर जोर - ग्रामीण-शहरी क्षेत्र से एक लाख हस्ताक्षर जुटाएगी

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

वोट चोर गद्दी छोड़, नारे के साथ खंडवा जिला कांग्रेस कमेटी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कर दी है। गांधी भवन में आयोजित एक बैठक में, पार्टी कार्यकर्ताओं ने 15 अक्टूबर तक जिलेभर से 1 लाख नागरिकों के हस्ताक्षर जुटाने का संकल्प लिया। इस अभियान का उद्देश्य कथित वोट चोरी और मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम गायब होने के गंभीर मुद्दे पर जनता का ध्यान आकर्षित करना है।

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम पालसिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, यह अभियान केवल खंडवा तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में चल रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हम उन ताकतों को बेनकाब करें, जो लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं। हर एक वोट कीमती है, और हम किसी को भी इसे चुराने नहीं देंगे। उन्होंने आगे कहा कि खंडवा जिले के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करेंगे। एक लाख हस्ताक्षर के लक्ष्य को समय-सीमा के भीतर पूरा करेंगे।




### हर नागरिक वोट सुरक्षित रहे

शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कहा, यह सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि संविधान की रक्षा और भारतीय लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की एक निर्णायक पहल है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर नागरिक का वोट सुरक्षित रहे। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्तर पर एक निगरानी टीम का गठन किया गया है, जो प्रतिदिन की गतिविधियों पर नजर रखेगी।

### राष्ट्रपति व चुनाव आयोग को सौंपेंगे जनादेश

हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने के लिए कांग्रेस ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाने की योजना बनाई है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को इस मुद्दे के बारे में जागरूक करेंगे और उनसे हस्ताक्षर करवाएंगे। एकत्र किए गए हस्ताक्षरों को एक सशक्त जनादेश के रूप में राष्ट्रपति और चुनाव आयोग को सौंपा जाएगा।

# शहर में सीजन का पहला कोहरा, विजिबिलिटी 80 मीटर-रात का तापमान गिरकर 20 डिग्री पर आया

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

खरगोन जिले में मानसून की विदाई का असर अब साफ नजर आने लगा है। बुधवार सुबह कसरावद क्षेत्र में सीजन का पहला कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटकर 80 मीटर तक पहुंच गई। इस दौरान खेतों और छतों पर ओस की हल्की परत भी नजर आई।

### तापमान में गिरावट शुरू, अब बढ़ेगी ठंड

रात का न्यूनतम तापमान घटकर अब 20 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात कमजोर पड़ चुका है। इसके असर से बादल छंट रहे हैं और अगले 3-4 दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना है।

### किसान बोले- अब शुरू होगी रबी फसलों की तैयारी

किसान राजेश यादव ने बताया कि शरद पूर्णिमा के बाद हर साल इस तरह की मौसमी स्थिति बनती है। उन्होंने कहा कि सोयाबीन की कटाई



लगभग पूरी हो चुकी है और अब गेहूं और चने की बुवाई की तैयारी की जाएगी।

### इस बार सामान्य से कम रही बारिश

इस साल प्रदेश में मानसून ने 16 जून को खरगोन के निमाड़ क्षेत्र से प्रवेश किया था। जिले में लगभग साढ़े तीन महीने तक बारिश हुई। कुल 29.6 इंच वर्षा दर्ज की गई, जो कि जिले की औसत बारिश से करीब ढाई इंच कम है।

### ठंडी हवाएं चलने की संभावना

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में सुबह के समय कोहरा और ओस का असर और बढ़ेगा। साथ ही ठंडी हवाएं चलने से

# बुरहानपुर में नशामुक्ति कार्यक्रम में शिव पंथी सत्संग में हजारों लोगों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

बुरहानपुर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर सागफाटा गांव में शिव पंथी सत्संग और नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज को नशे से दूर करना और सामाजिक जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन और बड़वानी जिलों से हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। सभी ने सामूहिक रूप से नशामुक्त रहने का संकल्प लिया और दूध का प्याला पीकर इसकी पुष्टि की। आयोजन में कुल 1100 लीटर दूध बांटा गया।

**तीन महीने से चल रही थी तैयारियां** - सागफाटा में इस कार्यक्रम की तैयारियां लगभग तीन महीने से समाज के लोगों द्वारा की जा रही थीं। कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र के रणसिंग बाबा और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। रणसिंग बाबा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए

**फलदार पौधों का रोपण और कलश यात्रा**- शाम को कार्यक्रम स्थल पर 150 फलदार पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। इसके बाद गांव में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 200 से अधिक कन्याओं ने सिर पर कलश रखकर भाग लिया। इस यात्रा ने पूरे गांव में धार्मिक और सामाजिक चेतना का माहौल बना दिया।

**साधु-संतों और जनप्रतिनिधियों ने की शिरकत** - कार्यक्रम में स्वर्गीय वनसिंग बाबा के भाई रणसिंग बाबा, समाज के पटेल, जनप्रतिनिधि, साधु-संत और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कमल महाराज ने कथा वाचन के दौरान कहा कि नशा समाज का सबसे बड़ा दुश्मन है। इससे मुक्त होकर ही जीवन में बदलाव संभव है। यह आयोजन आदिवासी समाज में सामाजिक सुधार और नशे के खिलाफ जनजागरण की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और समाज के नेताओं ने भी इसकी सराहना की है।

# पशुपालकों से संवाद कर नस्ल सुधार, स्वास्थ्य और पोषण की जानकारी दे रहे अधिकारी

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

सीएम डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर बुरहानपुर जिले में 'दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान' चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करना और पशुओं की नस्लों में सुधार लाना है। बुरहानपुर में इस अभियान के तहत पशुपालकों को जानकारी दी जा रही है।

**9 अक्टूबर तक चलेगा पहला चरण** - अभियान को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है, जिसमें पहला चरण 9 अक्टूबर, 2025 तक जारी रहेगा। इस चरण में उन पशुपालकों के घर-घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है, जिनके पास भारत पशुधन ऐप पर 10 या उससे अधिक पशु पंजीकृत हैं।

**पशुपालकों से सीधा संवाद** - बुरहानपुर में भी अधिकारियों द्वारा पशुपालकों को पशु नस्ल सुधार, स्वास्थ्य देखभाल और पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए 30 पशु चिकित्सा सहायक क्षेत्र अधिकारी, 7 पशु चिकित्सक और 57 गौ-मैत्री कार्यकर्ता तैनात किए गए हैं।

**अधिकारियों ने गांवों का किया भ्रमण** - कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देश पर अभियान की मैदानी निगरानी की जा रही है। मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्राम जैनाबाद, जयसिंगपुरा और घोसीवाड़ा का भ्रमण किया। वहां उन्होंने पशुपालकों से संवाद कर अभियान के उद्देश्य बताए और उन्हें जागरूक किया।



# शुभमन को कप्तान बनाकर सही किया - उथप्पा

**मुंबई (एजेंसी)** ● पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने रोहित शर्मा की जगह पर शुभमन गिल को एकदिवसीय टीम की कप्तानी दिये जाने को सही करार दिया है। उथप्पा का कहना है कि आगामी 2027 विश्वकप को देखते हुए टीम को युवा कप्तान की जरूरत है क्योंकि रोहित की उम्र अभी करीब 36 साल है और अगले विश्वकप तक वह 40 से अधिक उम्र के हो जाएंगे। रोहित के अलावा विराट कोहली भी 35 साल के हो गये हैं। ये दोनो ही चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से ही खेल से दूर हैं। ऐसे में अब ये दोनो सात महीने बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से मैदान पर उतरेंगे। माना जा रहा है कि इस सीरीज में प्रदर्शन के आधार पर तय होगा कि



ये आगे खेल सकेंगे या नहीं।

उथप्पा ने कहा-जब विश्व कप आएगा तब रोहित 40 से अधिक उम्र के होंगे। आपको इसे भी देखना होगा। मुझे लगता है कि यह फैसला तब लिया गया है जब जोखिम कम हैं बजाय जब दांव पर काफी कुछ लगा हो, आप ऑस्ट्रेलिया में जो टेस्ट सीरीज में हुआ था, वैसी स्थिति दोबारा नहीं चाहते। वहीं मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से रोहित को कप्तानी से हटाये जाने के बारे में बताया था। साथ ही कहा कि कप्तानी की जिम्मेदारी शुभमन को 2027 विश्व कप से दो साल पहले सौंपी गई है जिससे कि वह इस भूमिका के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें। उथप्पा का मानना है कि रोहित इतने प्रतिभाशाली हैं कि उन्हें असफलताओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। उम्मीद है कि वह फिट रहेंगे जिससे ऑस्ट्रेलिया दौरे जैसे खराब प्रदर्शन से बचा जा सके। वहीं विराट भी बढ़ती उम्र के बाद भी काफी फिट है। ऐसे में अगर ये दोनो फिट रहें और अच्छा प्रदर्शन करें तो कोई इन्हें बाहर नहीं कर सकता।

## मंधाना वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, दीप्ति टॉप-10 में एकमात्र भारतीय गेंदबाज



**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● मौजूदा महिला एकदिवसीय विश्व कप के दो मैच में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारत की स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। हालांकि उनकी बढ़त कम हो गई है। स्मृति के 791 रेटिंग अंक हैं और वह इंग्लैंड की नताली सिवर ब्रंट से 60 अंक आगे हैं। विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला में लगातार दो शतक जड़ने वाली स्मृति श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ आठ, जबकि पाक के खिलाफ 23 रन ही बना सकीं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 713 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स (706) और ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर (697) न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़ने के बाद आईसीसी रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। ताजमिन को दो, जबकि गार्डनर को सात स्थान का फायदा हुआ है और ये दोनों अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन भी सात स्थान के फायदे से आठवें पायदान पर हैं। पाकिस्तान की सिदरा अमीन ने भी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 10वीं रैंकिंग की बराबरी कर ली है। इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन गेंदबाजी रैंकिंग में 792 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। स्पिनर दीप्ति शर्मा (640) शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। वह एक स्थान के नुकसान से छठे पायदान पर हैं।

## सिने जगत

# दर्शकों को अपनी अभिनय क्षमता से प्रभावित किया कृति



**मुंबई (एजेंसी)** ● एक्ट्रेस कृति शेट्टी एक ऐसा नाम बनकर सामने आई हैं, जिन पर सभी की नज़रें टिकी हुई हैं। साउथ इंडियन सिनेमा में बेहद कम समय में उन्होंने अपनी अभिनय क्षमता और सादगी से दर्शकों और फिल्म निर्माताओं को प्रभावित किया है। उप्पेना जैसी ब्लॉकबस्टर से डेब्यू करने के बाद कृति ने श्याम सिंघा रॉय, बंगाराजु और द वॉरियर जैसी सफल फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इन फिल्मों ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया बल्कि कृति की बहुमुखी प्रतिभा को भी दर्शाया। कृति की सबसे बड़ी ताकत उनकी स्क्रीन प्रेज़ेंस और सहज अभिनय है। उनके किरदार दर्शकों से भावनात्मक जुड़ाव कायम करते हैं, चाहे वह रोमांटिक भूमिका हो या गंभीर ड्रामा। उनकी अदाकारी में आत्मविश्वास और परिपक्वता झलकती है, जो उनकी उम्र से कहीं अधिक प्रतीत होती है। यही गुण उन्हें अपने समकालीन कलाकारों से अलग पहचान दिलाते हैं। जिस तरह रश्मिका मंदाना ने पूरे देश में लोकप्रियता हासिल की थी, उसी तरह कृति भी अपनी कला और आकर्षण से उसी दिशा में आगे बढ़ती दिख रही हैं। सिर्फ कुछ फिल्मों में ही उन्होंने यह साबित कर दिया है कि वह हर जॉनर में खुद को ढालने की क्षमता रखती हैं।

## फिल्म 'तेरे इश्क में' का दमदार टीजर बटोर रहा सुर्खियां



**मुंबई (एजेंसी)** ● फिल्म तेरे इश्क में का टीजर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। इस फिल्म के टीजर में प्यार, इमोशन और एक्शन तीनों देखने को मिल रहे हैं, लेकिन अब एक्ट्रेस ने एक और फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म के रैप-अप होने की जानकारी फैंस के साथ शेयर की है। कृति सेनन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी है। एक्ट्रेस ने फिल्म कॉकटेल-2 के इटली शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है और टीम के साथ इटली की प्यारी-प्यारी फोटोज पोस्ट की हैं। कृति सेनन ने फोटो पोस्ट कर लिखा, सियाओ माय बेलास...इसी तरह हमने कॉकटेल-2 के द सिसिलियन चैप्टर को खत्म कर लिया है...धूप, बारिश और एक खूबसूरत इंद्रधनुष के साथ रैप-अप। एक्ट्रेस ने इटली में खूब एंज्वॉय किया है और उसका सबूत है एक्ट्रेस की मस्ती से भरी फोटो। फैंस भी एक्ट्रेस को आगामी फिल्म के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, कॉकटेल 2 के लिए इंतजार नहीं हो रहा है? हमारी लिटिल बटरफ्लाई को फिल्म के लिए शुभकामनाएं। एक दूसरे यूजर ने लिखा, मुक्ति को पहले ही दर्शकों से बहुत प्यार और सराहना मिल रही है और अब कॉकटेल 2 भी शुरू हो गया है? ये साल आपके नाम होने वाला है।

## उज्जैन संभाग

# प्रदेश के 2 जिलों को जोड़ने के लिए बनेगी 'पक्की सड़क'

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● उज्जैन और रतलाम ज़िले के ग्रामीणों को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। 6.2 किलोमीटर लंबा रुनीजा-सिमलावदा मार्ग अब जल्द ही पक्का बनेगा। इस सड़क का निर्माण कार्य पॉवर विंड कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर, जावरा प्रा. लि. को सौंपा गया है। रुनीजा सिमलावदा के 6.2 किमी की सड़क को लेकर क्षेत्र की जनता व किसानो द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही थी। जिसको लेकर बडनगर के विधायक जितेन्द्र सिह पण्ड्या, जिला पंचायत अध्यक्ष कमला कुंवर अंतर सिह देवड़ा व रतलाम ग्रामीण के विधायक मथुरालाल डामर व दोनो जिलो के जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री को कई बार ज्ञापन दे कर सड़क निर्माण की मांग की जाती थी। जिसके फलस्वरूप 2024 मे इस सड़क निर्माण की मंजूरी दी गई। टेंडर प्रकिया में 8 फर्म ने डाला था। एक टेंडर रिजेक्ट हुआ पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा वुक्त मार्ग के टेंडर



प्रकिया इसी माह मे शुरू की गई थी।

### टेंडर प्रक्रिया में देरी से निर्माण कार्य अटका

इस मार्ग की स्वीकृति अगस्त 2024 में 5.66 करोड़ रुपये की लागत से दी गई थी, लेकिन टेंडर प्रक्रिया में देरी के कारण निर्माण कार्य अटक गया था। हाल ही में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पूरी हुई निविदा प्रक्रिया में कुल आठ फर्मों ने टेंडर डाले, जिनमें से एक निरस्त कर दिया गया। अंततः पॉवर विंड कंपनी ने सबसे कम राशि 4 करोड़ 75 लाख 64 हजार रुपये का प्रस्ताव देकर यह काम अपने नाम किया।

### 500 किसानों और ग्रामीणों को लाभ

गांव से गांव जोड़ने वाली इस सड़क से करीब 500 किसानों और ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। अब तक लोगों को 13 किलोमीटर घूमकर आना-जाना पड़ता था, जबकि नई सड़क बन जाने से दूरी और समय दोनों की बचत होगी। निर्माण कार्य में मार्ग पर आने वाली विद्युत लाइनों का शिफ्टिंग कार्य भी ठेकेदार कंपनी द्वारा किया जाएगा। ग्रामीणों की इस लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर क्षेत्र में खुशी का

## सिंहस्थ-2028 के लिए वर्चुअल कैमरे तकनीक का उपयोग

# घर बैठे 54 हजार सुरक्षाकर्मियों को देगी ट्रेनिंग पुलिस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**उज्जैन** ● देश में पहली बार पुलिस वर्चुअल रियलिटी (VR) का उपयोग करने जा रही है। यह 2028 महाकुंभ में देखने को मिलेगा। उज्जैन पुलिस सबसे पहले देश भर से कुंभ ड्यूटी के लिए आने वाले 54 हजार पुलिसकर्मियों के साथ शुरुआत करने जा रही है। अपने शहर राज्य में बैठकर उज्जैन की गलियों, सड़क, मार्ग, चौराहे, एंट्री एग्जिट और श्रद्धालुओं को किस मार्ग पर भेजना और रोकने की ट्रेनिंग भी ड्रूकके माध्यम से लेंगे।

उज्जैन में होने वाले महाकुंभ के आयोजन में पुलिस हाईटेक टेक्नोलॉजी का उपयोग करेगी। ऐसा प्रयागराज कुंभ में भी देखने को नहीं मिला था। पहली बार ड्रूक टेक्नोलॉजी का उपयोग कर अपने अपने शहर में उज्जैन की सड़कों-गलियों आने-जाने के मार्ग की ट्रेनिंग VR से मिलेगी।

**पहले उज्जैन में, फिर अपने शहर में लेंगे ट्रेनिंग** - एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि ट्रेनिंग में ज्यादा से ज्यादा टेक्नोलॉजी का उपयोग करेंगे। दूसरे प्रदेश और जिले से आने वाले पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग के लिए ड्रूकट्रेनिंग का माध्यम चुना है। सड़कों के 3ष्ठ वीडियो बनवाए हैं। ये पुलिसकर्मियों को VR के माध्यम से उनके शहर में ही दिखाए जाएंगे। सबसे पहले पुलिसकर्मी उज्जैन आकर देखेंगे कि उनकी ड्यूटी कहां लगेगी। कौन सा रास्ता कहां से किधर जाएगा। इसके बाद उन्हें बार-बार ट्रेनिंग के लिए उज्जैन नहीं आना पड़ेगा। पुलिसकर्मी उज्जैन प्रदेश में कहीं भी होगा, वह VR के माध्यम से शहर की भौगोलिक स्थिति और रियल टाइम स्थिति जानकर ट्रेनिंग पूरा कर लेगा।

**आपातकालीन समय में भी काम आएगा VR** - अभी शुरुआत में इंदौर रोड का शिप्रा नदी के घाट तक का वीडियो बनवाया है। इससे ट्रेनिंग की शुरुआत होगी। ड्रूक आपातकालीन समय में कैसे काम आ सकता है, इस पर भी काम कर रहे हैं। जल्द ही उस दिशा में भी आगे बढ़ेंगे। 200 वीआर सेट के ऑर्डर दिए हैं। बाद में धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती जाएगी।

# कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति का विरोध करने वालों को नोटिस

## उज्जैन में कांग्रेस नेताओं से प्रदेश अनुशासन समिति ने मांगा जवाब

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● कांग्रेस संगठन सृजन के तहत विधायक महेश परमार को उज्जैन जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद पार्टी के अंदर विरोध के सुर तेज हो गए। सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर विरोध जताने वाले 50 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने नोटिस जारी किए हैं। सभी से 15 दिन के भीतर जवाब देने को कहा गया है, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



### किसान न्याय यात्रा में दिखा खुला विरोध

12 सितंबर 2025 को उज्जैन में प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित किसान न्याय यात्रा के दौरान कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अलग मंच बनाकर, नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया था। कुछ ने प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष का पुतला दहन भी किया और सोशल मीडिया व मीडिया में पार्टी विरोधी बयान दिए। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह ने इन सभी कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में लिखा है, उज्जैन जिले के प्रभारी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को एक शिकायत भेजी गई है, जिसमें यह कहा गया है कि आपने किसान न्याय यात्रा के दौरान पुतला दहन किया, मीडिया में पार्टी विरोधी वक्तव्य दिए, वरिष्ठ नेताओं पर अनर्गल आरोप लगाए और समानांतर मंच बनाकर संगठन विरोधी गतिविधि की।

### नोटिस में आगे कहा गया है

आपका यह आचरण घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। यदि आपको कोई आपत्ति थी, तो आपको प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति के समक्ष विधिवत शिकायत करनी थी। आपकी गतिविधियां ऐसा

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे नामकरण पट्टिका का अनावरण-विवि के 69वें आधारशिला दिवस पर होगा भव्य कार्यक्रम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय अपने 69वें आधारशिला दिवस की तैयारी कर रहा है। यह कार्यक्रम 10 अक्टूबर को आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय की नामकरण पट्टिका का अनावरण करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कार्यपरिषद के सदस्य, विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय का नामकरण हाल ही में सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 29वें दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल की उपस्थिति में यह घोषणा की थी। प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद मध्य प्रदेश के राजपत्र में भी इस नामकरण का प्रकाशन हो चुका है।



विश्वविद्यालय की आधारशिला 23 अक्टूबर 1956 को तत्कालीन गृहमंत्री गोविंद वल्लभ पंत ने रखी थी। इसके बाद विश्वविद्यालय की स्थापना 1 मार्च 1957 को हुई थी।

# राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन 12 अक्टूबर को

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● राष्ट्रीय सेवक संघ के पथ संचलन के बाद अब राष्ट्र सेविका समिति द्वारा 12 अक्टूबर रविवार को पथ संचलन निकाला जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में बालिका से लेकर सीनियर सिटीजन महिलाएं कदमताल करते हुए चलेगी। राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्र सेविका समिति द्वारा रविवार को पथ संचलन निकाला जाएगा। अभ्यास कार्यक्रम



7 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ। प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक क्षीरसागर उद्यान में बहनों को अभ्यास किया जा रहा है। राष्ट्र सेविका समिति की दीपा पांडे एवं रेखा मेहता ने बताया कि 12 अक्टूबर रविवार को सायं 4 बजे क्षीर सागर उद्यान से पथ संचलन निकलेगा। संचलन क्षीरसागर से शुरू होकर जिला अस्पताल, चामुंडा माता चौराहा, मालीपुरा,फव्वारा चौक होता हुआ क्षर सागर ग्राउंड पर खत्म होगा। समिति ने कहा अभ्यास से ही गुणवत्ता में सुधार होगा। पथ संचलन में छोटी बालिका से लेकर सीनियर सिटीजन महिलाएं भी शामिल होंगी।

# पटवारी और सिंघार के बीच तालमेल की कमी

## मध्यप्रदेश कांग्रेस में फिर सामने आई गुटबजी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • बिच्छू डॉट कॉम। प्रदेश में सरकारी सिस्टम की लापरवाही से छिंदवाड़ा जिले में जहरीली दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत के मामले में विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा मांगा है। जब 16 बच्चों की मौत के मामले ने तूल पकड़ा तो नेताओं का छिंदवाड़ा के परासिया पहुंचने का क्रम शुरू हो गया। इस बीच मासूम बच्चों की मौत के संवेदनशील मुद्दे पर मप्र कांग्रेस के नेताओं में गुटबाजी सामने आई है। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी छिंदवाड़ा के परासिया में पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर रहे थे, तब नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार राजधानी भोपाल में अपने निवास पर स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रेस कॉफ्रेंस कर रहे थे। सिंघार का स्मार्ट मीटर का मुद्दा उठाना और कंपनियों को पाकिस्तान से जोडऩे को लेकर कांग्रेस खेमों में ही चर्चा का विषय बन गया हैं। फिलहाल मप्र कांग्रेस के दोनों बड़े नेताओं के अलग अलग मुद्दे उठाना कांग्रेस के भीतर चल रही गुटबाजी एवं तालमेल की कमी से जोडक़र देखा जा रहा है। दरअसल, छिंदवाड़ा मामले से कांग्रेस के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर भी दूरी बनाए रखी है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बच्चों की मौत का मामला उजागर होने के बाद से लगातार विरोध दर्ज करा रहे हैं। कमलनाथ ने बच्चों की मौतों के लिए प्रशासनिक लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी लगातार बच्चों की मौत को लेकर सरकार पर हमलावर बने हुए हैं। उन्होंने सरकार से बच्चों की मौतों के लिए जिम्मेदारी तय करते हुए स्वास्थ्य मंत्री राजेन्दै शुक्ला इस्तीफा मांगा है। आमतौर पर पार्टी की बैठकों में कांग्रेस के नेता एकजुट होकर शामिल होते हैं, लेकिन छिंदवाड़ा मामले में कांग्रेस नेताओं के बीच किसी तरह का तालमेल नहीं दिखा।





**विधायक का दावा**–इधर, मध्य प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर के शीतला माता बाजार विवाद ने अब सियासी तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के बाजार दौरे पर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। भोपाल के हुजूर से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि वो इंदौर में हिंदू-मुस्लिम झगड़ा कराने और सांप्रदायिक तनाव भडक़ाने पहुंचे थे, लेकिन कांग्रेस के ही नेताओं ने उन्हें फटकार लगा दी।

**क्या है शीतला माता बाजार विवाद**–इंदौर के शीतला माता बाजार में प्रशासन द्वारा मुस्लिम दुकानदारों को हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। इसी का विरोध करने दिग्विजय सिंह अचानक मौके पर पहुंच गए। लेकिन उनके पहुंचने पर इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सिंह बिना पूर्व सूचना या संगठन की सहमति के वहां पहुंचे। बीजेपी ने इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी के भीतर ही अनुशासन और समन्वय की कमी है।

**दिग्विजय ने एक ट्वीट नहीं किया**–सोशल मीडिया पर सुबह से देर रात तक प्रादेशिक, राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय मुद्दों को लेकर सक्रिय रहने वाले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी छिंदवाड़ा की घटना से मिलावटी दवा के सेवन से दूरी बनाए रखी। दिग्विजय ने बच्चों की मौत के मामले में ट्वीट तक नहीं किया। परे लगातार ट्वीट कर रहे हालांकि वे अन्य दूसरे मुदद्दों क्र हैं।

### भाजपा का वार-कांग्रेस का पलटवार

इधर, रामेश्वर शर्मा ने रविवार को कहा कि 'दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस को बर्बाद कर दिया है। आने वाले समय में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को भी पद से हटा दिया जाएगा। कांग्रेस में कोई भी दिग्विजय सिंह का वार नहीं झेल पाता। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'जिला अध्यक्ष से डांट खाने के बाद भी दिग्विजय सिंह को शर्म नहीं आई। मंदिरों और सनातन के खिलाफ बोलना उनकी आदत बन चुकी है। कांग्रेस में उनकी फजीहत होती रहेगी।'

# इंदौर में अब बैंड वालों की जिंदगी पर बनेगी फिल्म



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • गीत संगीत के जगत में आ रहे बदलाव और उसका इंदौर के बैंड वालों के जीवन पर पड़ा रहे असर पर एक बेहतर फिल्म का निर्माण शुरू किया जा रहा है। पलाश मुछाल के द्वारा यह फिल्म बनाई जाएगी। इस फिल्म की शूटिंग इंदौर में 10 अक्टूबर से शुरू होगी। अपनी आबो हवा के लिए पूरे देश में एक अलग स्थान रखने वाले इंदौर शहर में 10 से 18 अक्टूबर तक अलग-अलग इलाकों में एक नई हिंदी फिल्म की शूटिंग की जाएगी। यह फिल्म इंदौर के बैंड वालों की ज़िंदगी और उनके संगीत के सफ़र पर आधारित है। इस फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे बैंड वालों ने समय के साथ संगीत की दुनिया में बड़ा बदलाव देखा और अपनी मेहनत व हुनर से लोगों के दिलों को छुआ। सैक्सोफोन और अन्य वाद्ययंत्रों की धुन पर टिकी यह कहानी दर्शकों को संगीत की दुनिया के भावनात्मक सफ़र पर ले जाएगी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका अभिनेता चंदन रॉय निभा रहे हैं, जबकि कहानी, निर्देशन और संगीत की कमान पलाश मुछाल के हाथों में है। ध्यान रहे की पलाश कि यह छठा फिल्म है। इस फिल्म की शूटिंग इंदौर की खूबसूरती और लोक रंगों के बीच होगी

# जीएसटी में कमी के बाद पंजीयन विभाग को मिले 109 करोड़

## 6 महीने में पिछले साल की तुलना में 90 करोड़ की ज्यादा कमाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • नवरात्रि के त्योहार के दौरान इंदौर के नागरिकों द्वारा खरीदी गई अचल संपत्तियों के पंजीयन से सरकार को 109 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। चालू वित्त वर्ष के 6 महीने में पिछले साल की तुलना में 100 करोड़ रुपए की ज्यादा कमाई हो गई है।



वर्ष के दौरान आने वाले प्रमुख त्योहार के मौके पर नागरिकों द्वारा अचल संपत्ति खरीदने और उसकी रजिस्ट्री करवाने के कार्य को प्राथमिकता दी जाती है। नवरात्रि का त्योहार एक ऐसा त्योहार है, जब मां की साधना-आराधना करने के साथ व्यक्ति मां की कृपा से मकान, दुकान, जमीन, ऑफिस, फ्लैट खरीद कर उसका पंजीयन करवाता है। इस दौरान पंजीयन कार्यालय में दस्तावेज का पंजीयन करने वालों का दबाव ज्यादा रहता है।

वरिष्ठ जिला पंजीयक अमरेश नायडू ने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि के दौरान इंदौर के पंजीयन कार्यालय में 7253 दस्तावेजों का पंजीयन किया गया है। इन दस्तावेजों के पंजीयन से विभाग को 109 करोड़ रुपए के राजस्व की प्राप्ति हुई है। पिछले साल नवरात्रि में 6798 दस्तावेजों का ही पंजीयन हुआ था। उस समय इन दस्तावेजों के पंजीयन से 97.6 करोड़ रुपए का रेवेन्यू हासिल किया गया था। इस प्रकार नवरात्रि के पर्व में पिछले साल की तुलना में इस साल 455 दस्तावेजों का पंजीयन ज्यादा हुआ है। यदि राजस्व की बात की जाए तो करीब 11 करोड़ रुपए का राजस्व पिछले साल की तुलना में नवरात्रि के त्योहार के दौरान ज्यादा प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक इंदौर में 84600 दस्तावेजों का पंजीयन किया गया है। इन दस्तावेजों के पंजीयन से विभाग को 1076 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस अवधि में पिछले साल 85558 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ था और उसके माध्यम से विभाग को 986 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित हुआ था। इस तरह पिछले साल की तुलना में 90 करोड रुपए का ज्यादा राजस्व अर्जित हुआ है, जबकि करीब 900 दस्तावेजों का पंजीयन इस साल कम हुआ है। पिछले 1 साल से सोने की कीमतों में तो मानो आग लगी हुई है। निवेशकों को सोने में निवेश करने पर जोरदार रिटर्न मिल रहा है। इस स्थिति के चलते बड़ी संख्या में निवेशकों द्वारा पैसा जमीन में लगाने के बजाय सोने में लगाकर अच्छा रिटर्न हासिल करने का काम किया जा रहा है। सोने और चांदी में चाहे जितना अच्छा रिटर्न मिल रहा हो, लेकिन इसके बावजूद जमीन के प्रति प्रेम कम नहीं हो रहा है। इस समय रियल एस्टेट में वह तेजी की स्थिति नहीं है जैसी हमेशा नवरात्रि और दीपावली के त्योहार के समय पर रहती है। इसके बावजूद ऐसी स्थिति भी नहीं है कि हम यह कह सकें कि बाजार बैठ गया है।

# पोस्टर वार के चलते कलेक्टर कार्यालय के पास 'आई लव पिग' के लगे पोस्टर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • पूरे देश में चल रहे आई लव मोहम्मद और आई लव महाकाल के पोस्टर के बाद अब इंदौर में नया बवाल हो गया है। इंदौर कलेक्ट्रेट चौराहे पर कुछ लोगों ने आई लव पिग के पोस्टर लगा दिए। इसमें साथ में सेव एनिमल का नारा दिया गया है। आई लव पिग, सेव एनिमल के साथ एक और शब्द लिखा हुआ है एमयूएमएमयू, लेकिन इसका क्या अर्थ है यह पता नहीं चला है। लेकिन कलेक्ट्रेट के पास ही चौराहे पर लगे यह पोस्टर हैरत का विषय बन गए हैं। इसमें साथ में पिग की फोटो भी लगी हुई है।




देश में कानपुर से उठा आई लव मोहम्मद पोस्टर का विवाद इंदौर तक भी पहुंच चुका था। चंदन नगर एरिया में यह पोस्टर लगाने पर भारी विवाद हो चुका है। खासकर नवरात्रि पर्व के दौरान यह पोस्टर लगने से और विवाद बढ़ गया था।

**पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह यह बोल चुके**–वहीं कुछ दिन पहले इंदौर आए पूर्व सीएम व कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि आई लव मोहम्मद में कुछ भी गलत नहीं है। मैं हिंदू हूं, आई लव राम कह सकता हूं, आई लव कष्णा कह सकता हूं। इसी तरह अन्य धर्म वाले भी कह सकते हैं, इसमें कुछ गलत नहीं है।

**कानपुर से उठा था पूरा विवाद**–5 सितंबर 2025 को कानपुर में आई लव मोहम्मद का बोर्ड सामने आया था। पूरा विवाद यहीं से उठा। उसके बाद आई लव मोहम्मद बनाम आई लव महाकाल फैल गया। कानपुर से लेकर उज्जैन, इंदौर और गांधीनगर तक में पोस्टरबाजी का दौर शुरू हो गया।

खासकर नवरात्रि के दौरान आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद के बाद अब गरबा पंडालों में आई लव महादेव कैंपेन चल पड़ा था। मुंबई के गरबा पंडालों में युवतियां और महिलाएं आई लव महादेव के पोस्टर लेकर पहुंचने लगी थीं।

# बहुत जल्द शहर के बिजली उपभोक्ता स्मार्ट मीटर के दायरे में आएंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने का सिलसिला लगातार जारी है। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं के साथ बिजली कंपनी को भी काफी हद तक आसानी हो रही है। उपभोक्ताओं को जहां बिजली की खपत की पल-पल जानकारी मिल रही है, वहीं बिजली कंपनी को भी मुख्यालय पर ही मीटर में छेड़छाड़ या बिजली की चोरी की जानकारी मिल जाती है। अगले डेढ़ साल में इंदौर शहर में तकरीबन पौने 8 लाख उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाने का दावा बिजली कंपनी की ओर से किया गया है।



देश में सर्वाधिक बिजली के स्मार्ट मीटर इंदौर शहर में लगे हैं। फिलहाल यहां 5 लाख 60 हजार उपभोक्ताओं के यहां बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इंदौर में 7 लाख 82 हजार बिजली उपभोक्ता शहरी सीमा हैं। आगामी डेढ़ वर्ष में इन उपभोक्ताओं के यहां भी बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने का दवा कंपनी की ओर से किया गया है। फिलहाल बिजली कंपनी मालवा-निमाड़ के 15 जिलों में 13 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं के यहां बिजली के स्मार्ट मीटर लगा चुकी है। आगामी दिनों में बिजली कंपनी की योजना है कि वह छोटे शहरों या कस्बाई इलाकों जैसे देपालपुर, बेटमा, सांवेर, पीथमपुर आदि स्थानों पर भी बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने की कवायद और तेजी से करेगी।

### हर महीने उपभोक्ताओं के घर-घर रीडिंग लेने का झंझट खत्म

स्मार्ट मीटर से काफी हद तक लाभ बिजली कंपनी को मिला है। दरअसल हर महीने घर-घर बिजली की रीडिंग लेने के लिए लाइन स्टाफ को जाने से मुक्ति मिल गई है, क्योंकि स्मार्ट मीटर में रीडिंग ऑटोमेटिक होती है, वही कनेक्शन जोडऩा हो या बंद करना हो, यह भी मुख्यालय से बैठे-बैठे किया जा रहा है। यानी बिजली कंपनी को मैन पावर अब स्मार्ट तरीके से सीमित लोगों में हो रहा है।

### मोबाइल परज बिजली खपत की जानकारी

बिजली के स्मार्ट मीटर को मोबाइल से जोड़ा जा सकता है, जिससे दिन या रात में कौन से समय कितना बिजली का उपयोग हो रहा है, इसकी जानकारी उपभोक्ता को आसानी से बगैर बिजली कंपनी जाए मिल जाती है, वहीं पिछले 6 महीने के बिजली उपयोग की जानकारी भी मोबाइल के माध्यम से स्मार्ट मीटर के उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो जाती है।

# एसआई की भर्ती के लिए आयु सीमा और पदों को लेकर आवेदकों में नाराजगी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मप्र में पूरे 8 साल बाद सब इंस्पेक्टर भर्ती का विज्ञापन जारी हुआ है। इसके लिए एमपी गृह विभाग द्वारा एक साल से सूचनाएं जारी हो रही थीं। सालों बाद आई इस भर्ती की सूचना लगातार द सूत्र ने सबसे पहले ब्रेक की। सोमवार को जब नोटिफिकेशन आया तो इसके बाद डीजीपी कैलाश मकवाना ने भी इसकी जानकारी X पर शेयर की। उन्होंने भी लिखा कि 8 साल बाद एसआई/सूबेदार के 500 पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई। बस इसके बाद तो युवाओं का गुस्सा तीखी प्रतिक्रियाओं में निकलने लगा।

**सबसे ज्यादा गुस्सा उम्र सीमा को लेकर**– युवाओं का सबसे ज्यादा गुस्सा उम्र सीमा को लेकर है। युवाओं ने कहा कि 8 साल बाद यह भर्ती आ रही है लेकिन उम्र सीमा में कोई छूट नहीं दी जा रही है। एक युवा ने कहा कि यदि 8 साल बाद भर्ती आई है तो आयु सीमा में छूट दी जाए, लेकिन लाखों बच्चों का भविष्य आपने बर्बाद किया है महोदय। एक ने कहा कि उम्र सीमा की गणना 1 जनवरी से होना थी, साल के बीच में किसी भी महीने से उम्र की गणना ठीक नहीं है, इसमें सुधार किया जाए। एक युवा ने लिखा कि उम्रसीमा में छूट नहीं और मनमानी फीस वसूल रहे हैं। भर्ती 8 साल बाद आ रही है, मेरा सवाल है कि इसमें गलती किसकी है। हम इतने सालों से तैयारी कर रहे थे, हमारे सपने टूटने जा रहे हैं। एक युवा ने कहा कि इतने साल बाद आई है, इसमें इतने प्रचार की क्या जरूरत थी।

**फिर गुस्सा केवल 500 पद आने पर**–दूसरा बड़ा गुस्सा 500 पदों को लेकर है। इसे काफी कम पद माना जा रहा है। एक युवा ने कहा कि आठ साल भर्ती आने पर शर्म आना चाहिए, यूपी सरकार पांच साल में 15 हजार निकाल चुकी है। एक युवा ने कहा कि 8 साल बाद भर्ती वह भी 500 पद, यह लिखने में भी अजीब नहीं लग रहा आपको? ओपन के लिए केवल 150 पद, वह भी आठ साल बाद। इसमें पुरुष सामान्य के लिए केवल 63 पद, ऊंट के मुंह में जीरा, जैसे हमने कोई पाप कर दिया तैयारी करके। सर, 8 साल बाद केवल 500 पद कुछ ज्यादा नहीं हो गया। आठ साल बाद 150 ओपन पद देकर मप्र के युवा बुजुर्गों में खुशी की लहर समझ नहीं आता सरकार और अधिकारी वर्ग बच्चों के बारे में सोचते हैं या नहीं?

**इसमें भी गलत तरीके से नहीं भरे जाएं पद**–वहीं कुछ युवाओं ने पारदर्शी और ईमानदारी से भर्ती कराने की बात कही। युवा ने कहा कि ओपन के 150 पद, जीवित रहे या मर जाएं, प्लीज सर हम इसमें भी प्रयास कर लेंगे बस गलत तरीके से पद नहीं भरे जाएं, इसका प्रयास कीजिएगा। उल्लेखनीय है कि सिपाही भर्ती को लेकर घोटाला सामने आ चुका है और इसके पहले पटवारी भर्ती परीक्षा भी शक के घेरे में रही है।

**किस कैटेगरी और पोस्ट कोड में कितने पद**–सूबेदार पोस्ट कोड 1- कुल 28 पद। इसमें ओपन के लिए 7, ओबीसी 6, एससी 5, एसटी 6 और ईडब्ल्यूएस के लिए 2 पद। वहीं 13 प्रतिशत फार्मूले में दो पद। एसआई (पोस्ट कोड 2)- कुल पद 95 है। इसमें ओपन के लिए 26, ओबीसी में 14, एससी में 15, एसटी में 19, ईडब्ल्यूएस में 9 पद है। वहीं 13 प्रतिशत में 12 पद है।

# सीएम डॉ. मोहन यादव की कलेक्टर- कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में इंदौर कलेक्टर छाए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में भोपाल में दो दिवसीय कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस भोपाल में हो रही है। इसमें इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा इंदौर जिले के विविध दस मुद्दों को लेकर प्रजेंटेशन दिया। इन बिंदुओं पर सीएम हाउस से ही जानकारी मांगी गई थी। कुल 109 पन्नों का यह प्रजेंटेशन है, जिसमें शहर के विकास के मुद्दे शामिल हैं। मुख्य तौर पर इंदौर के विकास से जुड़े सभी अहम मुद्दे तो शामिल हैं, जो भविष्य के लिए काफी अहम हैं। इसमें मेट्रो रेल से लेकर बीआरटीएस है तो वहीं एमवाय अस्पताल को भी लिया गया है। चौंकाते हुए इंदौर में हो रही कॉलोनी मंजूरी और अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की भी जानकारी ली गई है। साथ ही आईडीए, स्मार्ट सिटी से भी प्रोजेक्ट की जानकारी जुटाई गई है।

**इंदौर मेट्रो रेल**– इसे लेकर अभी तक की स्थिति बताई गई है कि कितने चरण बन चुके हैं और आगे की क्या प्लानिंग है। इंदौर मेट्रो पर अभी तक 3900 करोड़ खर्च हो चुके हैं। वहीं पलासिया से आगे मेट्रो का रूट अभी भी प्रजेंटेशन में अंडर ग्राउंड बताया गया है, जो करीब 8.7 किमी तक है।

**ग्रामीण एरिया में कॉलोनी**–इसे लेकर बताया गया है कि जुलाई 2021 में कॉलोनी सेल बनी। इसके बाद से अभी तक इंदौर में 829 कॉलोनाइजर लाइसेंस बने, 875 कॉलोनी मंजूरी मिली और इनमें से 351 को कार्यपूर्णता हो चुकी है।





**इंदौर बीआरटीएस की स्थिति**–बीआरटीएस को लेकर बताया गया कि इसे सीएम की घोषणा अनुसार और हाईकोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद तोड़ने के लिए निविदा मंजूर हो चुकी है। ठेकेदार दिनेश यादव खुजनेर द्वारा यह काम जल्द शुरू किया जाएगा। टेंडर 2.55 करोड़ में हुआ। सेंट्रल डिवाइडर करीब 11 किमी में 11.45 करोड़ में बनेगा।

**कन्वेंशन सेंटर आईडीए**–स्कीम 171 में यह पीपीपी मॉडल पर आईडीए द्वारा सुपर कॉरिडोर पर बनाया जा रहा है। इसकी लागत 545 करोड़ रुपए होगी। इसके लिए टेंडर का काम हो रहा है।

**नेहरू स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स**–यह काफी महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इसमें 1147 करोड़ की लागत होगी। यहां स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के साथ ही होटल, बैंक्विट हाल, कमर्शियल शॉप ये सभी जगह निकलेगी। यह लागत 10 साल में वसूल हो जाएगी।

**इंदौर स्मार्ट सिटी के काम**–इसमें अभी तक स्मार्ट सिटी के हुए कामों की जानकारी दी गई है और साथ ही आगे बचे हुए काम बताए गए हैं। लेकिन अब स्मार्ट सिटी के पास अधिक कोई काम नहीं है। इसलिए इंदौर जिला प्रशासन द्वारा विकास नहीं करने वाले कॉलोनाइजर के बंधक प्लॉट जब्त कर विकास के दिए गए जिम्मे को भी प्रजेंटेशन में बताया गया है।

**एयरपोर्ट विस्तार**–यह 600 हेक्टेयर से भी ज्यादा एरिया का प्लान है, जिसमें दिल्ली, नोएडा जैसी एयरोसिटी बनाने का भी प्लान है और साथ ही एयरपोर्ट का विस्तार है। यह प्रोजेक्ट दो हजार करोड़ से ज्यादा का है। हालांकि इसमें सेल करने के बाद करीब 60 करोड़ का घाटा अनुमानित बताया गया है।

**इंदौर हुकुमचंद मिल**–इसे लेकर बताया गया है कि हाउसिंग बोर्ड को जमीन रजिस्ट्री हो गई है। आगे का प्रोजेक्ट हाउसिंग बोर्ड द्वारा 17.95 हेक्टेयर में किया जाना है।

**वेस्टर्न बायपास**–यह भी अहम प्रोजेक्ट है, जो 1880 करोड़ रुपए का है। इसमें मुआवजा राशि तय हो गई है। इसके काम के लिए एजेंसी भी तय हो चुकी है और जल्द शुरू हो रहा है। यह 6 लेन प्रोजेक्ट 64 किमी का है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।